राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 218
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 03 जुलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 नोएडा वृद्धाश्रम में विदेशी फंडिंग के मिले सबूत

पेज 4 हीरो भैया ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन

पेज 6 हेडिंग्ले में दो शतक लगाकर रैंकिंग में छठे नंबर पर पहुंचे ऋषभ

## संक्षिप्त खबरें

### अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था रवाना

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए बुधवार को पहला जत्था जम्मू से रवाना हो गया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भगवती नगर बेस कैंप से जत्थे को झंडी दिखाई। इस दौरान श्रद्धालु हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारे लगाते रहे। आधिकारिक तौर पर यात्रा की शुरुआत 3 जुलाई से होगी। वहीं, पंजाब के पठानकोट से भी यात्रियों के जत्थे को रवाना किया गया। यहां से श्रद्धालु बालटाल होकर बाबा बर्फानी की गुफा पहुंचेंगे। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे।

### दिल्ली सीएम के बंगले का रेनोवेशन होगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नए सरकारी बंगले (बंगला नंबर 1, राज निवास मार्ग) में जल्द ही मरम्मत और सजावट का काम शुरू होगा। यह बंगला पहले उपराज्यपाल सचिवालय के दफ्तर की तरह इस्तेमाल हो रहा था। अब इसे मुख्यमंत्री और उनकी फैमिली के रहने लायक बनाया जाएगा। बंगले में 24 एयर कंडीशनर, 5 स्मार्ट टीवी 3 बड़े झूमर, 80 से ज्यादा पंखें लगाए जाएंगे। किचन में नई मशीनें जैसे गैस हॉब, इलेक्ट्रिक चिमनी, माइक्रोवेव, टोस्ट ग्रिल, वॉशिंग मशीन, डिशवॉशर, 50 लीटर प्रति घंटे की आरओ वॉटर प्लांट की सुविधा दी जाएगी।



### हैप्पी मॉर्निंग


एक बुढ़िया अम्मा को एक भिखारी मंदिर के बाहर मिला...
भिखारी - भगवान के नाम पर कुछ दे दो मां जी, चार दिन से कुछ नहीं खाया।
बुढ़िया 500 का नोट निकालते हुए बोली- 400 खुले हैं?
भिखारी- हां हैं मां जी
बुढ़िया- तो उससे कुछ लेकर खा लेना...



### शायरी

मेरे ख़तों को जलाने से कुछ नहीं होगा
हवा में राख उड़ाने से कुछ नहीं होगा

### अर्थसार



संसेक्स:
83,409.69
-287.60 (0.34%)
निफ्टी:
25,453.40
-88.40

### मौसम



अधिकतम : 33 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 5 : 29
सूर्यास्त गुरुवार : 7 : 25

## नेशनल हेराल्ड केस, ईडी बोली- सोनिया-राहुल -एजेएल' हड़पना चाहते थे

### कोई समझदार आदमी 90 करोड़ लोन के बदले 2000 करोड़ की प्रॉपर्टी क्यों बेचेगा



नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की अदालत में कहा कि सोनिया और राहुल गांधी 2000 करोड़ रुपए की एसोसिएट जर्नल लिमिटेड को हड़पने की कोशिश की। यही कंपनी नेशनल हेराल्ड अखबार को पब्लिश करती है। ईडी के वकील एडिशनल सॉलिसिटर जनरल वी राजू ने कहा एजेएल घाटे में थी, लेकिन 2,000 करोड़ रुपए की संपत्ति होने के बावजूद उसने एआईसीसी से 90 करोड़ का कर्ज लिया और चुकाने में असमर्थ रही। आमतौर पर ऐसी हालत में संपत्तियां बेची जाती हैं, लेकिन यहां पूरी कंपनी को हथियाने की साजिश रची गई। सोनिया और राहुल ने यह साजिश रची थी। इसके लिए यंग इंडियन कंपनी बनाई गई। जिसमें सोनिया और राहुल की 76 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

एजेएल ने कांग्रेस से 90 लाख का कर्ज लिया था और कहा था कि वह कर्ज चुकाने में सक्षम नहीं है। इसके बाद यंग इंडियन कंपनी ने एजेएल का अधिग्रहण किया, जिसकी संपत्ति 2 हजार करोड़ थी। ईडी ने कहा कि ये दिखावटी फंडिंग थी, असल में एजेएल से कोई लेन-देन नहीं किया गया था।

पिछली सुनवाई में ईडी इस मनी लॉन्ड्रिंग पर कहा था कि सोनिया और राहुल गांधी को नवंबर 2023 तक 142 करोड़ रुपए का फायदा हुआ।

#### ईडी जब्त करेगी 661 करोड़ की संपत्तियां

अप्रैल में ईडी ने एक बयान में कहा कि उसने 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया है। ईडी ने पीएमएलए एक्ट की धारा 8 और एसोसिएटेड नियमों के नियम 5(1) के अनुसार संबंधित संपत्ति रजिस्ट्रार को दस्तावेज सौंपे हैं, जहां ये संपत्तियां हैं। ईडी ने कब्जे में लिए जाने वाले परिसर को खाली करने की मांग की थी। 661 करोड़ की इन अचल संपत्तियों के अलावा एजेएल के 90.2 करोड़ रुपए के शेयरों को ईडी ने नवंबर 2023 में अपराध की आय को सुरक्षित करने और आरोपी को इसे नष्ट करने से रोकने के लिए कुर्क किया था।

# हिमाचल में 16 जगह बादल फटे

**पटिकरी पावर प्रोजेक्ट तबाह, 12 लोगों ने भागकर जान बचाई; राज्य में अब तक 51 मौतें**





**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में 20-21 जून को मानसून की एंट्री हुई थी। अब तक 20 से ज्यादा जगह बादल फटने की घटना हो चुकी हैं। अकेले मंडी और किन्नौर में 16 जगह बादल फटे थे।

इस मानसून में राज्य में लैंडस्लाइड-बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में अब तक 51 लोगों की मौत हो चुकी है। 22 से ज्यादा लोग लापता हैं। 40 के करीब मकान पूरी तरह ढह गए हैं। मंडी जिले से बहने वाली ब्यास नदी उफान पर है। राज्य में आज तेज बारिश का रेड अलर्ट है।

मंडी के पास सराज क्षेत्र में बादल फटने के बाद भारी बारिश से पटिकरी पावर प्रोजेक्ट पूरी तरह तबाह हो गया।

घटना के वक्त इसमें 12 कर्मचारी काम कर रहे थे। सभी ने किसी तरह भागकर जान बचाई।

#### बादल फटने से पटिकरी पावर प्रोजेक्ट तबाह

मंडी के पास सराज क्षेत्र में बादल फटने के बाद भारी बारिश से पटिकरी पावर प्रोजेक्ट पूरी तरह तबाह हो गया। घटना के वक्त इसमें 12 कर्मचारी काम कर रहे थे। सभी ने भागकर जान बचाई। इस प्रोजेक्ट को 2023 में भी भारी नुकसान हुआ था। इसे देखते हुए पावर हाउस की सुरक्षा के लिए 6 मीटर ऊंची और 150 मीटर लंबी प्रोटेक्शन वॉल बनाई गई थी। मगर बादल फटने के बाद बाढ़ का पानी इसके ऊपर से बहकर आ गया।

#### गोवा के लिए 7 जुलाई तक यलो अलर्ट, समुद्र से दूर रहने की सलाह

गोवा में बुधवार को जोरदार बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गोवा के लिए 7 जुलाई तक यलो अलर्ट जारी किया है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण गोवा के धारबंदोरा तालुका में पिछले 24 घंटों में 31.1 मिमी बारिश दर्ज की गई, उसके बाद फोंडा में 30 मिमी बारिश हुई। उत्तर गोवा के सत्तारी तालुका में 29.6 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## कोविड के बाद अचानक मौतों पर स्टडी

**आईसीएमआर का दावा- वैक्सीन से इसका संबंध नहीं, 18 से 45 साल के लोगों पर हुई रिसर्च**



**नई दिल्ली।** इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने अपनी स्टडी में बताया कि देश में हार्ट अटैक से होने वाली अचानक मौतों का कोविड वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं है। यह स्टडी 18 से 45 साल के लोगों की अचानक मौत पर आधारित है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी। स्टडी में कहा गया है कि भारत की कोविड वैक्सीन सेफ और इफेक्टिव है। इससे होने वाले गंभीर साइडइफेक्ट के मामले रेयर हैं। स्टडी में बताया गया है कि अचानक हुई मौतों की अन्य वजहें हो सकती हैं। इनमें जेनेटिक्स, लाइफस्टाइल, पहले से मौजूद बीमारी और कोविड के बाद के कॉम्प्लिकेशन शामिल हैं। भारत में दो कोविड वैक्सीन विकसित हुई थीं। भारत बायोटेक ने आईसीएमआर के सहयोग से कोवैक्सिन का निर्माण किया था। वहीं, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से कोवीशील्ड बनाई थी।

### जैसलमेर की सड़क पर उतरे सेना के हेलिकॉप्टर

**जैसलमेर।** भारतीय सीमा में ड्रोन हमले, साइबर अटैक के साथ-साथ घुसपैठिए भी हमला कर दें तो भारतीय सेना क्या करेगी? इसी सवाल का जवाब ढूंढने के लिए भारतीय सेना ने आज जैसलमेर में युद्धाभ्यास किया। जहां चीता और चेतक हेलिकॉप्टर सहित अन्य लड़ाकू हेलिकॉप्टर सड़क पर उतरे और आतंकियों को खत्म कर वापस हेलिकॉप्टर में चढ़कर उड़ान भरी। इसे हेलिबॉर्न ऑपरेशन कहा जाता है। राजस्थान के थार इलाके में भारतीय सेना की दक्षिणी कमांड ने हाई-इंटेंसिटी युद्धाभ्यास किया गया।

## यूपी के कांवड़ियों का ट्रक टिहरी में पलटा...3 की मौत

### बुलंदशहर से गंगोत्री जल भरने जा रहे थे, 14 घायल



**टिहरी।** यूपी के कांवड़ियों का ट्रक उत्तराखंड में पलट गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, 14 घायल हैं। शिव शक्ति कांवड़ सेवा ट्रस्ट के लोग कांवड़ियों के लिए भंडारा लगाने जा रहे थे। बुधवार सुबह करीब 10 बजे नरेंद्र नगर के पास ऋषिकेश-टिहरी मार्ग पर जाजल फकोट के पास ट्रक पलट गया।

सभी 21 लोग ट्रक के नीचे दब गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक सड़क किनारे पलटा था, अगर खाई में गिर जाता तो बड़ा हादसा हो जाता। हादसे की सूचना पर स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची है। रेस्क्यू अभियान चलाकर बचाव कार्य में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र नगर संजय मिश्रा ने बताया- एक चार साल का बच्चा भी ट्रक में आगे फंसा था, जिसको पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। घटना के बाद टिहरी की डीएम नीतिका खंडेलवाल भी मौके पर पहुंचीं। 2 घायलों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है, जबकि अन्य का नरेंद्र नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।

#### सभी बुलंदशहर के रहने वाले

कांवड़िए बुलंदशहर के सिकंद्राबाद के हैं। ये सभी मोहल्ला कास्तवाडा के सैनियों की बड़ी चौपाल में रहते हैं। बताया कि मोहल्ले के ही करीब 21 लोग ट्रक संख्या यूपी-13-बीटी-8739 से गंगोत्री के लिए जा रहे थे। ये लोग हर साल वहां जाते हैं। अचानक ट्रक ऋषिकेश-टिहरी मार्ग पर जाजल फकोट के पास पलट गई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान विक्की (30), सुनील और संजय के रूप में हुई है।

### 40 साल की महिला टीचर ने किया स्टूडेंट का यौनशोषण

**मुंबई।** मुंबई के एक स्कूल की महिला टीचर को 16 साल के स्टूडेंट का बार-बार यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह महिला स्कूल में अंग्रेजी पढ़ाती थी। लेकिन नाबालिग को मुंबई के आलीशान होटलों में ले गई, जहां उसने छात्र के साथ दुर्व्यवहार किया। एफआईआर के मुताबिक टीचर अक्सर लड़के को शराब पिलाकर उसका शोषण करती थी। जब नाबालिग स्टूडेंट को यह सब ठीक नहीं लगा तो टीचर ने उसे एंटी-एंजाइटी दवाएं भी दीं।

## पटना में पुलिस ने छात्रों पर लाठीचार्ज किया, लात-घूंसे बरसाए

**डोमिसाइल की मांग को लेकर सीएम हाउस घेरने जा रहे थे; 6 स्टूडेंट्स को डिटेन किया**



**पटना।** सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल और पारदर्शिता लागू करने की मांग कर रहे छात्रों पर बुधवार को पुलिस ने लाठीचार्ज किया है।

कुछ पुलिस वालों के पास लाठियां नहीं थीं। उन्होंने छात्रों को लात-घूंसों से पीटा।

पटना कॉलेज से छात्रों का प्रदर्शन सुबह शुरू हुआ था। सभी सीएम हाउस का घेराव करने निकले थे। पुलिस ने उन्हें डाकबंगला चौराहे पर बैरिकेडिंग कर रोका था।

डाकबंगला चौराहे पर छात्र बैरिकेडिंग तोड़कर आगे जाने की कोशिश रहे थे। पुलिस ने समझाया, लेकिन वो नहीं माने।

इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी होती रही। बारिश के बीच भी छात्र डटे रहे। शाम करीब 5 बजे के आसपास पुलिस ने छात्रों पर लाठीचार्ज कर दिया। मौके पर वाटर कैनन की गाड़ियां भी मंगवाई गई हैं। इस दौरान छात्रों ने BJP के सांसद की गाड़ी के सामने नारेबाजी भी की।

कोतवाली थानेदार राजन कुमार ने बताया कि इस मामले में छात्र नेता दिलीप समेत 10 नामजद और सैकड़ों अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

राज्य के अलग-अलग जिलों से स्टूडेंट्स अपनी मांगों को लेकर पटना पहुंचे हैं। 5 जून को भी छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया गया था।

### वर्चुअल सुनवाई के दौरान सीनियर एडवोकेट ने बीयर पी

अहमदाबाद। गुजरात हाईकोर्ट में वर्चुअल सुनवाई के दौरान एक सीनियर एडवोकेट के बीयर पीने का वीडियो सामने आया है। मामले का नोटिस लेते हुए हाईकोर्ट ने सोमवार को वकील के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू कर दी। वीडियो 26 जून का है। इसमें सीनियर एडवोकेट भास्कर तन्ना जस्टिस संदीप भट्ट के सामने मग से बीयर पीते दिख रहे हैं। अवमानना कार्यवाही कर रही जस्टिस एएस सुपेहिया और जस्टिस आरटी वच्छानी की बेंच ने तन्ना के आचरण को अपमानजनक बताया। अवमानना कार्यवाही के दौरान तन्ना बेंच के सामने वर्चुअली पेश न हों, कोर्ट ने इसके लिए भी आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि आदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के सामने रखा। अगर वे अनुमति देते हैं तो इसे अन्य बेंचों के पास भी भेजा जाएगा। बेंच ने तन्ना को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

## ड्रग्स तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एशिया, यूरोप, अमेरिका और आस्ट्रेलिया चार महाद्वीपों के 10 से अधिक देशों में फैले अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी के नेटवर्क का खुलासा किया है। एनसीबी से मिली जानकारी के आधार पर भारत के साथ-साथ अमेरिका और आस्ट्रेलिया में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और अन्य कई देशों में नेटवर्क से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एनसीबी व अन्य एजेंसियों को इतने बड़े नेटवर्क के भंडाफोड़ के लिए बधाई देते हुए कहा कि मोदी सरकार हर ड्रग कार्टेल, चाहे वे कहीं से भी संचालित हो रहे हों, को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। अमित शाह ने इसे देश के विभिन्न एजेंसियों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय का बेहतरीन उदाहरण बताते हुए कहा कि इस आपरेशन के दौरान अमेरिका व आस्ट्रेलिया में ड्रग की पांच बडी खेप की बरामदगी के साथ ही आस्ट्रेलिया में एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट को भी ध्वस्त करने में सफलता मिली है।

**आत्महत्या**

**सुसाइड से पहले बेटे को बेटी की तरह सजाया, लिखा- घर के सामने जलाना**

## प्रॉपर्टी विवाद में पति-पत्नी ने 2 बच्चों संग की आत्महत्या



बाड़मेर। राजस्थान के बाड़मेर में पति-पत्नी ने सामूहिक सुसाइड से पहले छोटे बेटे का बेटी की तरह श्रृंगार किया था। मां ने उसे चुनरी ओढ़ाई, काजल लगाया और अपनी सोने की ज्वेलरी पहनाई थी। बच्चा बेहद खुश था तो उसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर डाला।

इसके बाद मां-बाप ने उसका श्रृंगार उतारा और घर से 20 मीटर दूर बने पानी के टैंक में कूदकर अपने बच्चों (बेटों) के साथ सुसाइड कर लिया। वजह थी, छोटे भाई से प्रॉपर्टी विवाद।

पुलिस को घर से एक सुसाइड नोट मिला। इसमें लिखा है- हमारा अंतिम संस्कार घर के आगे किया जाए, क्योंकि यही विवाद की वजह है। सुसाइड नोट में मौत का जिम्मेदार छोटे भाई को बताया। जमीन के लिए परेशान करने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

#### चारों के शव टैंक में पड़े थे

सीआई सत्यप्रकाश ने बताया- मंगलवार रात 8 बजे सूचना मिली कि उण्डू गांव में एक ही परिवार के 4 लोगों ने पानी के टैंक (टांके) में कूदकर सुसाइड कर लिया है। इनकी पहचान शिवलाल (35) पुत्र नगाराम निवासी उण्डू, पत्नी कविता (32), बेटे बजरंग (9) और रामदेव (8) के रूप में हुई। शिव थाना पुलिस और रामसर डीएसपी मानाराम टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पूछताछ में सामूहिक आत्महत्या का मामला सामने आया।

#### 2 पेज के सुसाइड नोट में लिखी वजह

सीआई सत्यप्रकाश ने बताया- शिवलाल के घर की तलाशी लेने पर एक कमरे में 2 पेज का सुसाइड नोट मिला। इसमें शिवलाल ने छोटे भाई मांगीलाल पर आरोप लगाए हैं। सुसाइड नोट में प्रॉपर्टी को लेकर दोनों भाइयों (शिवलाल-मांगीलाल) के बीच विवाद की बात लिखी थी। शिवलाल ने छोटे भाई मांगीलाल के परिवार को सुसाइड के लिए जिम्मेदार ठहराया है। लिखा है- इनको सजा मिलनी चाहिए। मेरा अंतिम संस्कार मेरे घर के आगे ही किया जाए। शिवलाल के साले ने सुसाइड नोट के आधार पर रिपोर्ट दी है।

## दिल्ली में प्रदूषण के खात्मे के लिए कृत्रिम बारिश होगी

**अगस्त-सितंबर में 5 ट्रायल होंगे; महाराष्ट्र में इसके जरिए 18 प्रतिशत ज्यादा बारिश कराई जा चुकी**

**नई दिल्ली।** दिवाली और सर्दी के मौसम में होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराई जाएगी। उड्डयन महानिदेशालय ने इसकी मंजूरी दी है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह ट्रायल अगस्त के आखिरी सप्ताह से सितंबर के पहले हफ्ते के बीच किया जाएगा। कुल 5 ट्रायल किए जाएंगे ताकि यह समझा जा सके कि दिवाली और सितंबर के दौरान बढ़ने वाले स्मॉग को कम करने में यह तकनीक कितनी कारगर है। यह ट्रायल आईआईटी कानपुर के सहयोग से किए जाएंगे।

सरकार के मुताबिक, एक बार कृत्रिम बारिश कराने की लागत करीब 66 लाख रुपए होगी, जबकि पूरे ऑपरेशन का खर्च 55 लाख रुपए रहेगा। पूरे ट्रायल पर करीब 2 करोड़ 55 लाख रुपए का खर्च आएगा। ऐसी ही कृत्रिम बारिश यानी क्लाउड सीडिंग 2017 में महाराष्ट्र के सोलापुर में की गई थी। प्रयोग के बाद सामान्य के मुकाबले 18 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई थी होना था, लेकिन मौसम वैज्ञानिकों के सुझाव पर इसे टाल दिया गया।

# संपादकीय

## हिंदी के विरोध की संकीर्ण राजनीति



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत जैसे बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक देश में भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, पहचान और एकता का प्रतीक भी है। हिंदी, जो भारत की राजभाषा और सबसे व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है, अक्सर राजनीतिक विवादों के केंद्र में रही है। हिंदी के विरोध की राजनीति, विशेष रूप से कुछ क्षेत्रों में, संकीर्णता और क्षेत्रीय अस्मिता की आड़ में की जाती है, जो न केवल भाषाई एकता को कमजोर करती है, बल्कि राष्ट्रीय एकीकरण को भी प्रभावित करती है।

### हिंदी विरोध का ऐतिहासिक संदर्भ

हिंदी के विरोध की जड़ें स्वतंत्रता के बाद के भाषाई पुनर्गठन और राजभाषा नीति में देखी जा सकती हैं। 1950 में संविधान ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया, लेकिन अंग्रेजी को भी सह-राजभाषा के रूप में बनाए रखा गया। दक्षिण भारत, विशेष रूप से तमिलनाडु, में हिंदी को अनिवार्य करने के प्रयासों का तीव्र विरोध हुआ, क्योंकि इसे स्थानीय भाषाओं और संस्कृतियों पर थोपने के रूप में देखा गया। 1960 के दशक में तमिलनाडु में हिंदी विरोधी आंदोलन ने हिंदी को उत्तरी भारत की भाषा के रूप में चित्रित किया, जिससे भाषाई विभाजन को बल मिला।

हिंदी का विरोध अक्सर क्षेत्रीय दलों द्वारा अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए किया जाता है। कुछ राजनेता हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रचारित करने के केंद्र सरकार के प्रयासों को सांस्कृतिक साम्राज्यवाद के रूप में प्रस्तुत करते हैं। यह रणनीति विशेष रूप से गैर-हिंदी भाषी राज्यों में प्रभावी होती है, जहां स्थानीय भाषा और संस्कृति को खतरे में होने का भय दिखाकर वोट बैंक तैयार किया जाता है। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु में द्रविड़ आंदोलन ने हिंदी विरोध को अपनी क्षेत्रीय अस्मिता का आधार बनाया, जिससे हिंदी को लेकर गलतफहमियां बढ़ीं।

### हिंदी विरोध के परिणाम

हिंदी के विरोध की संकीर्ण राजनीति ने कई नकारात्मक प्रभाव डाले हैं। पहला, यह भाषाई एकता को कमजोर करता है। हिंदी, जो भारत की विभिन्न भाषाओं को जोड़ने वाली कड़ी बन सकती थी, को विवाद का विषय बना दिया गया। दूसरा, यह शिक्षा और रोजगार के अवसरों को प्रभावित करता है। हिंदी भाषी क्षेत्रों के लोग गैर-हिंदी भाषी राज्यों में अपनी भाषा के कारण उपेक्षित महसूस करते हैं, और गैर-हिंदी भाषी लोग हिंदी सीखने से कतराते हैं, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर संवाद में बाधा उत्पन्न होती है। तीसरा, यह सांस्कृतिक दूरी को बढ़ाता है, जो भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में एकता के लिए हानिकारक है।

### समाधान की दिशा

हिंदी के प्रति विरोध को कम करने के लिए संवेदनशील और समावेशी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सबसे पहले, हिंदी को थोपने के बजाय इसे एक विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। स्थानीय भाषाओं को संरक्षित और प्रोत्साहित करते हुए हिंदी को एक संपर्क भाषा के रूप में बढ़ावा देना चाहिए। दूसरा, शिक्षा नीति में त्रिभाषा सूत्र को प्रभावी ढंग से लागू करना चाहिए, जिसमें स्थानीय भाषा, हिंदी और अंग्रेजी शामिल हों। तीसरा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि लोग हिंदी को अपनी संस्कृति के लिए खतरा न समझें।

### निष्कर्ष

हिंदी के विरोध की संकीर्ण राजनीति भारत की भाषाई और सांस्कृतिक समृद्धि को कमजोर करती है। यह न केवल हिंदी को, बल्कि देश की एकता और अखंडता को भी नुकसान पहुंचाती है। हमें यह समझना होगा कि भाषा विभाजन का नहीं, बल्कि एकता का साधन है। हिंदी को एक समावेशी और स्वीकार्य भाषा के रूप में स्थापित करने के लिए सभी पक्षों को संकीर्ण राजनीति से ऊपर उठकर सहयोग करना होगा। तभी हम एक ऐसे भारत का निर्माण कर सकते हैं, जहां भाषा और संस्कृति एक-दूसरे की पूरक हों, न कि विरोधी।

## मामूली बातों पर हो रही हत्याएं

आजकल समाज में हिंसा की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं, और यह देखकर आश्चर्य होता है कि कई बार ये हिंसक घटनाएँ छोटी-छोटी और मामूली बातों को लेकर हो रही हैं। राह चलते हुए होने वाली ऐसी हत्याएँ न केवल समाज की मानसिकता पर सवाल उठाती हैं, बल्कि यह भी दर्शाती हैं कि हमारा आपसी संयम और सहनशीलता किस कदर कम हो रही है। यह एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जिसके कारणों और समाधानों पर विचार करना आवश्यक है।

ऐसी घटनाओं के पीछे कई सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक कारण हो सकते हैं। पहला प्रमुख कारण है तनाव और मानसिक दबाव। आज की तेज़ रफ़्तार जिंदगी में लोग नौकरी, परिवार और आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस तनाव के कारण लोग छोटी-छोटी बातों पर आपा खो बैठते हैं। उदाहरण के लिए, सड़क पर गाड़ी के हॉर्न बजाने या किसी के साथ हल्की टक्कर होने पर लोग तुरंत हिंसक प्रतिक्रिया दे देते हैं।

दूसरा कारण है समाज में बढ़ती असहिष्णुता। विभिन्न धर्मों, जातियों और विचारधाराओं के बीच बढ़ता तनाव भी ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देता है। लोग अपने विचारों को सर्वोपरि मानते हैं और दूसरों की राय को स्वीकार करने की बजाय हिंसा का रास्ता चुन लेते हैं। इसके अलावा, सोशल मीडिया के इस युग में गलत सूचनाएँ और भड़काऊ सामग्री भी लोगों को उकसाने का काम करती हैं। तीसरा कारण है हथियारों की आसान उपलब्धता। कई बार देखा गया है कि लोग छोटी-मोटी बहस को हथियारों के बल पर सुलझाने की कोशिश करते हैं। यह न केवल खतरनाक है, बल्कि समाज में भय का माहौल भी पैदा करता है। इसके साथ ही, शिक्षा और जागरूकता की कमी भी लोगों को हिंसक बनने के लिए प्रेरित करती है।

राह चलते होने वाली ऐसी हत्याएँ समाज में डर और अविश्वास का माहौल पैदा करती हैं। लोग एक-दूसरे पर भरोसा करना बंद कर देते हैं और छोटी-सी बात पर भी संदेह करने लगते हैं। यह सामाजिक एकता को कमजोर करता है। इसके अलावा, ऐसी घटनाएँ कानून-व्यवस्था पर भी सवाल उठाती हैं। पुलिस और प्रशासन के लिए ऐसी घटनाओं को नियंत्रित करना एक बड़ी चुनौती बन जाती है। परिवारों पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। जो लोग ऐसी हिंसा का शिकार होते हैं, उनके परिवारों को न केवल भावनात्मक, बल्कि आर्थिक और सामाजिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। समाज में हिंसा की यह प्रवृत्ति बच्चों और युवाओं पर भी बुरा प्रभाव डालती है, जो इसे सामान्य मानने लगते हैं।

इस समस्या से निपटने के लिए कई स्तरों पर प्रयास करने की आवश्यकता है। सबसे पहले, लोगों में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। स्कूलों और कॉलेजों में नैतिक शिक्षा और सहनशीलता के पाठ पढ़ाए जाने चाहिए। इसके साथ ही, तनाव प्रबंधन और गुस्से को नियंत्रित करने के लिए कार्यशालाएँ आयोजित की जानी चाहिए। दूसरा, सरकार और प्रशासन को हथियारों की अवैध बिक्री पर सख्ती करनी चाहिए। सड़कों पर सुरक्षा बढ़ाने और त्वरित न्याय प्रणाली को लागू करने से भी ऐसी घटनाओं में कमी आ सकती है। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री को नियंत्रित करने के लिए सख्त नियम बनाए जाने चाहिए। तीसरा, समुदाय स्तर पर लोगों को एक-दूसरे के साथ संवाद बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। सामुदायिक कार्यक्रम और सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा दे सकते हैं।

# हिन्दू राष्ट्र का ढोल और जातिवाद का आतंक





**निर्मल रानी**

स्वयंभू हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा गत एक दशक से देश के बहुसंख्यक समाज को भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का सपना दिखाया जा रहा है। देश के अनेक दक्षिणपंथी नेताओं से लेकर तमाम कथावाचक व संत समाज से जुड़े लोग इसी प्रोपेगण्डे को प्रचारित करने में जुटे हुये हैं। इसी हिन्दू राष्ट्र की दुहाई देकर समाज में धर्म के आधार पर नफ़रत फैलाई जा रही है। सत्ता संरक्षित नफ़रती लोग धर्म विशेष के विरुद्ध जमकर ज़हर उगल रहे हैं और इसी बहाने देश के बहुसंख्य समाज को हिंदुत्व के नाम पर संगठित होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिस देश में सभी धर्मों के लोग सदियों से मिलकर रहते आ रहे हों उस देश के बहुसंख्य समाज को अब अल्पसंख्यक समाज का भय दिखाकर शेष बहुसंख्य समाज को एकजुट होने का पाठ केवल और केवल अपने राजनैतिक लाभ के लिए पढ़ाया जा रहा है। और इन्हीं दक्षिणपंथी शक्तियों द्वारा इसी हिन्दू राष्ट्रवाद के नाम पर छेड़ी गयी मुहिम के मध्य, देश के उस संविधान को भी बदलने का प्रयास किया जा रहा है जो भारतवसियों को समानता, समरसता, समाजवाद व धर्मनिरपेक्षता का अधिकार देता है। साथ ही इन्हीं स्वयंभू हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा विवादित मनुस्मृति को भातीय संविधान के रूप में थोपे जाने की वकालत भी की जा रही है। यह शक्तियां उसी मनुस्मृति को देश पर थोपने के लिये प्रयासरत हैं जिसे संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने 25 दिसंबर 1927 को महाराष्ट्र के महाड में सार्वजनिक रूप से जलाया था। मनुस्मृति का विरोध करने वाले लोग आज भी उस ऐतिहासिक दिन को मनुस्मृति दहन दिवस के रूप में याद करते हैं।

डॉ अंबेडकर ने मनु स्मृति का दहन इसलिये किया था क्योंकि यह ग्रंथ सामाजिक असमानता और जाति व्यवस्था को प्रोत्साहित करने वाली शिक्षाओं को बढ़ावा देता है।

जबकि मनु स्मृति का विरोध व इसके दहन का उद्देश्य दलितों और शोषित वर्गों के लिए समानता और न्याय की मांग को प्रतीकात्मक रूप से व्यक्त करना था।

सवाल यह है कि दक्षिणपंथियों द्वारा जिस मनुस्मृति की पैरवी की जा रही है क्या वह हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा दिखाये जा रहे हिन्दू राष्ट्र निर्माण के स्वप्न को पूरा करने में सहायक साबित हो सकती है ? यदि हाँ तो पहला सवाल तो यही की बाबा साहब जैसी शख़्सियत को इसे जलाने की नौबत ही क्यों आई ? और दूसरे यह कि आख़िर हिन्दू धर्म में वह कौन सी व्यवस्था थी जिसका विरोध करते हुये डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में एक ऐतिहासिक धर्म परिवर्तन समारोह में बौद्ध धर्म स्वीकार किया।

और इस सामूहिक धर्म परिवर्तन समारोह में डॉ. आंबेडकर के साथ उनके लगभग 3,80,000 अनुयायियों ने जिनमें मुख्य रूप से दलित समुदाय के लोग शामिल थे, बौद्ध धर्म स्वीकार किया। आज भी इस सामूहिक धर्म परिवर्तन को भारत में सामाजिक समानता और दलित आंदोलन का एक महत्वपूर्ण क़दम माना जाता है।

परन्तु दुःख का विषय तो यह है कि शोषित वर्ग द्वारा किये गये इस धर्म परिवर्तन के बावजूद आज भी मनुवादियों की सोच में कोई अंतर नहीं आया है। बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह जातिवादी विचारधारा गत दस वर्षों में और भी सिर चढ़ कर बोलने लगी है। और तो और अब इस जातिवादी सोच का शिकार केवल दलित समाज के लोग ही नहीं बल्कि पिछड़ी जातियों के लोग भी होने लगे हैं। इसका जीता जागता प्रमाण पिछले दिनों उत ?तर प्रदेश के इटावा ज़िले में केवर थाना क्षेत्र के दादरपुर गांव में देखने को मिला। यहाँ भागवत कथा कहने आए यादव समाज से सम्बन्ध रखने वाले एक कथावाचक भागवताचार्य व्यास मुकुट मणि के साथ ब्राह्मण समाज के लोग अत्यंत क्रूरता से पेश आये।

कथावाचक को अपमानित किया उनके साथ मारपीट की और उनकी चोटी काटकर इस क्रूरता का वीडियो भी वायरल कर दिया गया। उनका क़ुसूर यही बताया गया कि कथा वाचन कर रहे व्यास, ब्राह्मण समुदाय के नहीं थे इसलिए उनकी चोटी काट दी गई और उनका वीडियो वायरल किया गया। इतना ही नहीं बल्कि बाल काटने के बाद 5 घंटे तक उन्हें बंधक बनाकर भी रखा गया।

जातिवादी क्रूरता का अध्याय यहीं समाप्त नहीं हुआ बल्कि पीड़ित कथावाचक के अनुसार भागवत कथा के दौरान जो ब्राह्मण महिला परीक्षित थी, उसके पैरों पर कथावाचक की जबरन नाक रगड़वाई गई और उसी ब्राह्मण महिला के मूत्र से उस पर छिड़काव भी किया गया। उस पंडितानी महिला का मूत्र छिड़कने के बाद इन जातिवादियों द्वारा उससे कहा गया कि %ब्राह्मण का मूत्र तुम्हारे ऊपर पड़ गया अब तुम पवित्र हो गए%। ज़रा सोचिये कि कौन सी शिक्षा व संस्कार हैं जो इस क्रूरता के लिये जाति विशेष के लोगों दूसरी जातियों के विरुद्ध प्रोत्साहित करते हैं ?

दलितों के साथ तो ऐसी घटनाएं गोया आम बात हो चुकी हैं। पिछले दिनों ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना उड़ीसा में हुई जहाँ गोतस्करी का आरोप लगाकर कुछ जातिवादी गुंडों द्वारा पहले तो उनसे पैसे वसूलने की कोशिश की गयी। जब दलित युवक पैसे देने में असमर्थ हुये तो उन दोनों युवाओं को 2 किलोमीटर तक घुटने के बल चलने के लिये मजबूर किया गया।

इनके सर के बाल भद्दे तरीक़े से काटे गये उन्हें मारा पीटा गया ,उनके कपड़े फाड़े गये, उन्हें घास फूस खिलाई गयी। इतना ही नहीं बल्कि उन्हें नाले का गन्दा पानी पीने के लिए भी मजबूर किया गया।


इस तरह की घटनाएं भी आम हो चुकी हैं। अफ़सोस यह कि ऐसी क्रूर सोच व घृणित संस्कार रखने वाले लोगों को अनेक संतों व नेताओं का समर्थन भी मिल जाता है और वह मनुस्मृति जैसे जातिवादी धर्म ग्रंथों व संहिताओं से ही ढूंढ कर इन जातिवादियों के पक्ष में तर्क भी पेश कर देते हैं। और ऐसे ही जातिवादी लोगों के पैरोकार व समर्थक ही हिन्दू राष्ट्र व हिन्दू एकता जैसी विरोधाभासी बातें भी करते हैं।

और इससे भी बड़ी हास्यास्पद बात यह है कि यह शक्तियां अपनी कुरीतियां छुपाने के लिये अपने धर्म ग्रंथों व संहिताओं का ज़िक्र करने के बजाये मुग़लों का नाम लेने लग जाती हैं। यानी एक ओर तो यह हिन्दू धर्म व संस्कृति को विश्व का सबसे प्राचीन धर्म बताते हैं जिसमे वर्ण व्यवस्था का ज़िक्र और इस व्यवस्था का महिमामंडन जगह जगह किया गया है दूसरी ओर मात्र 1400 वर्ष पुराने इस्लाम धर्म पर अपनी जातिवादी व्यवस्था का ठीकरा फोड़ने की कोशिश करते हैं।

दरअसल स्वयंभू उच्च जाति वालों की यह एक सोची समझी रणनीति है जिसके तहत यह लोग हिन्दू राष्ट्र का ढोल पीटते रहते हैं इसी बहाने हिन्दू समाज को एकजुट कर इनका राजनैतिक लाभ उठाने की भी कोशिश करते हैं। परन्तु इनके ग्रन्थ व संस्कार इन्हें जातिवाद का आतंक फैलाने से रोक नहीं पाते।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3579




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3578 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

न्यायाधीश (एक बूढ़े चोर से)- तुम्हारी इतनी हिम्मत कि तुमने दिनदहाड़े चोरी की? तुम्हे पकड़े जाने जरा भी डर नहीं लगा।

कटघरे में खड़ा बूढ़ा चोर बोला- क्या करूँ सरकार! आजकल मुझे रात में बहुत नींद आती है, इसलिए मैंने दिन में दिनदहाड़े चोरी कर ली।

□ □ □

पुलिस इंस्पेक्टर (रमन से)- नालायक...! तुम इते गिरे हुए हो कि केवल पाँच सौ रुपए के लिए इस बुजुर्ग व्यक्ति का सिर फोड़ दिया?

रमन हवलदार- और क्या करता साहब... मजबूरी है! ऐसे ही तो बूँद-बूँद से घड़ा भरता है हुजूर।

□ □ □

न्यूक्लियर फैमिली में रहने वाला चंपू अपने पिता से बोलता है, पापा-पापा मैं भी अपनी शादी में आइटम गर्ल को डाँस करवाऊँगा।


पापा- बेवकूफ क्या बकता है, यह तमाशा किस गधे की शादी में देख लिया?

चंपू- आपकी शादी के वीडियो में।

पापा- अबे नालायक अपनी मौसी और बुआ को नहीं पहचानता!!

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3579



**बायें से दायें:-**

१. शशिकपूर, रेखा, नीना गुप्ता की 'सांझ ढले गगन तले' गीतवाली फिल्म-३
३. 'तेरी आंखों के सिवा' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-३
५. संजय दत्त, मनीषा, रवीना की 'अंख लड़ती है तो' गीत वाली फिल्म-२
७. सलीम दुर्रानी व परवीन बाबी की बी. आर. इशारा निर्देशित फिल्म-३
८. आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
९. रवीना को किस फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्री पुरस्कार मिला था-३
११. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
१२. धर्मेन्द्र, सायराबानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
१३. फिल्म 'मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-२
१४. इच्छाधारी सांपों पर आधारित एक बहुसितारा फिल्म-३
१५.अक्षय, लारा, प्रियंका की 'किसी से तुम प्यार करो' गीत वाली फिल्म-३
१७.गुरूदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
१९. चंद्रचूड़, अरशद वारसी, तब्बू की 'पानी पानी रे' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आओ तुम्हें चांद पे' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा, रीना की फिल्म-२
२३. फिल्म 'विनाशक' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. 'ओरी छोरी' गीत वाली फिल्म-३
२६. संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. फिल्म 'ड्रीमगर्ल' की नायिका थी-२
२९.चंद्रचूड़, अरशद, मयूरी की फिल्म-३
३१. धर्मेन्द्र, हेमा की 'चोरों को सारे नजर आते हैं' गीत वाली फिल्म-२,३
३४. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक?-२
३५. अजय, आफताब, विवेक, रितेश, लारा दत्ता, अमृताराव, तारा शर्मा, जेनीलिया की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१.चंकी पांडे, जयाप्रदा, किमी की 'चीची वाला छल्ला' गीत वाली फिल्म-३
२. 'चांदा मामा दूर के' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
३. अशोककुमार, मीनाकुमारी की 'मन रे तू काहे ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'आपकी याद आती' गीत वाली फारूख शेख, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
६. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
१०. 'जुबां पे दर्द भरी' गीत वाली राजकुमार, माला सिन्हा की फिल्म-३
१२. 'बड़े मियां दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. संदीव कुमार और देवेन वर्मा दोनों की दुहरी भूमिकाओं वाली फिल्म-३
१६. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि, पूनम की फिल्म-३
१८. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की 'बहुत प्यार करते है' गीत वाली फिल्म-३
२०. फिल्म 'तेरे नाम' का नायक?-४
२२. सायराबानो की पहली फिल्म जिसके नायक शम्मीकपूर थे-३
२४. 'चूड़ेवाली छमिया' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
२८. बलराज साहनी, नूतन की 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'कोयल सी तेरी बोली' गीतवाली फिल्म-२
३०. फिल्म 'ताजमहल' की नायिका?-२
३२. रितिक, करीना की 'ऐरी रे ऐरी क्या है ये पहेली' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3578



## सूडोकु -3579


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3578 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## शब्द पहेली - 3579



**बाएँ से दाएँ**

1.मन मोहने वाला-5
5.प्रस्थान करना,रवानगी-5
9.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10.तेल में पकाना-3
11.प्रेम,प्यार-2
13.थोड़ा,जरा-2
14.मैं का बहुवचन-2
15.उम्मीद करना-5
18.धन,संपदा-2
19.पक्षियों की चहचहाट-4
20.अभिप्राय-4
21.सद्,अच्छा-2
22.दम,ताकत-2
23.प्रकाशवान-4
26.ठसाठस-4
29.माईल,दूरी नामपे की इकाई-2
30.क्रोधित होना-2,3
33.विदेशी शराब-2
34.झुका हुआ-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.आखेट मंच-3
38.खुजली-3
41.मनमोहकता-5
42.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.आकर्षक.चिताकर्षक-5
2.वैक्स,मधुज-2
3.अधिकार-2
4.फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5.जागरण-4
6.दीवार (अंग्रेजी-2)
7.मां के पिता-2
8.असफल-5
12.गर्भ,कोख-3
13.करामात-3
15.खातिरदारी -5
16.उद्देश्य-2
17.नामकरण-2,3
23.भूस्वामी-2,3
24.सही का विलोम-3
25.मृत्यु-2
27.इमामदस्ता-3
28.कांतिमान, चमकीला-5
31.उदारता,बड़प्पन-4
32.मालगोदाम-4
36.रत्न,नग-2
37.टी,चहा-2
39.याचिका,वाद (अंग्रजी-2)
40.वहम,संदेह-2

शब्द पहेली -3578 का हल



# नोएडा वृद्धाश्रम में विदेशी फंडिंग के मिले सबूत

## जांच रिपोर्ट में फॉर्म-8 और 12 का जिक्र, अकाउंट्स की ली जाएगी जानकारी

**नोएडा।** सेक्टर-55 के आनंद निकेतन वृद्ध सेवा आश्रम में बुजुर्गों के साथ अमानवीय व्यवहार मामले में डीएम को सौंपी गई जांच रिपोर्ट चौकाने वाली है। इस रिपोर्ट में फार्म-12 और फार्म-8 का जिक्र है। जिसके तहत विदेशी फंडिंग की गई। इन पैसों का रिकार्ड आश्रम के पास नहीं है। कितना ट्रांजैक्शन और किस देश से पैसा आश्रम के खाते में ट्रांसफर किया गया। इसकी जांच के संकेत जिला प्रशासन ने दे दिए है। यानी आश्रम प्रबंधन की मुश्किल बढ़ने वाली है।

डीएम मनीष वर्मा ने बताया कि जांच रिपोर्ट में फार्म-12 और 8 का जिक्र है। आश्रम को फंडिंग की गई है। ये पैसा कहा से आया हमारी जांच उस पर नहीं थी। हम जांच बुजुर्गों के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार की शिकायत पर कर रहे है। शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। वहां से जैसा भी आदेश होगा उस पर अमल किया जाएगा। अगर शासन फंडिंग की जांच के लिए निर्देशित करेंगे तो उसकी जांच होगी।

हालांकि इस तरह की जांच अधिकृत एजेंसी के द्वारा ही कराई जाती है। वहीं राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला ने बताया जिन कमियों की शिकायत की गई थी उसके साक्ष्य



आश्रम में बुजुर्ग महिला के हाथ बांधकर रखा गया था।

मिले है। बुजुर्गों और उनके परिजनों के बयान भी दर्ज किए गए है। जल्द ही आश्रम को सील किया जाएगा।

### अधिकृत एजेंसी कर सकती फंड की जांच

पैसा, ट्रांजैक्शन और बैंक से संबंधित डिटेल की जांच अधिकृत एजेंसी ही कर सकती है। रिपोर्ट में इसकी जांच कराने के लिए भी आग्रह किया गया है। हालांकि शासनादेश के बाद ही कोई एजेंसी यहां जांच करेगी। बहरहाल, जल्द ही आश्रम को सीज करने की तैयारी की जा रही है। बता दे शनिवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट विवेक कुमार भदौरिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार व अन्य अधिकारी जांच करने पहुंचे थे।

### 2001 में नक्शा पास 2009 में रजिस्ट्री कैसे उठे सवाल

नोएडा में सेक्टर-55 के सी-5बी चल रहा वृद्धाश्रम जन कल्याण ट्रस्ट के नाम पर है। 3293 वर्गमीटर पर यहां इमारत का निर्माण किया गया है। जिसमें ग्राउंड फ्लोर, फर्स्ट और सेकंड फ्लोर है। जबकि प्राधिकरण में सिर्फ ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर का ही नक्शा पास किया है। ये नक्शा 2001 में पास किया गया। जबकि ट्रस्ट के नाम लीज डीड 2009 में संपादित की गई। यानी लीजडीड होने से पहले ही प्राधिकरण में नक्शा जमा किया गया और पास भी करा लिया गया। हालांकि भूखंड आवंटन 1993 में हो चुका थ।

लीज डीड के समय वेरिएशन पर ध्यान नहीं दिया गया। क्योंकि 1993 में आवंटन के समय ट्रस्ट को जमीन 600 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से दी गई थी और लीजडीड 2009 में की गई। 2009 में इस तरह प्रायोजन के लिए दी जाने वाले जमीन की दर क्या थी। उसका मिलान तक नहीं कराया गया। जिससे प्राधिकरण को राजस्व नुकसान हुई।

# सुप्रीम कोर्ट से प्राधिकरण की जीत, चलेगा अवैध निर्माण पर बुलडोजर

**200 मीटर तक बनेगी सड़क, सीधे कनेक्ट होगा सेक्टर-46,47, ट्रैफिक सिग्नल पर नहीं लगेगा जाम**



**नोएडा।** नोएडा में सेक्टर-99-100 सेक्टर-46-47 क्रासिंग पर सड़क का निर्माण होना है। इसका अधिकांश हिस्सा बन चुका है। इस सड़क को आगे 200 मीटर तक बनाने के बाद ये सीधे सेक्टर-46,47 और 99 से कनेक्ट हो जाएगी। इसका फायदा रोजाना यहां से निकलने वाले हजारों वाहन चालकों को होगा। यहां सबसे बड़ी बाधा खसरा-331 और 332 पर अवैध निर्माण की है। इसे आबादी साबित करने के लिए किसानों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

### सालों से किया गया अवैध निर्माण

सुप्रीम कोर्ट ने उक्त जमीन अधिग्रहण के लिए नोएडा प्राधिकरण के पक्ष में निर्णय लिया। इस मामले से संबंधित कोई वाद अब किसी भी अदालत में लंबित नहीं है। यहां सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकरण ने बताया कि सड़क निर्माण के बाद क्रासिंग से जाने वाली सड़क सेक्टर-46-47 और सेक्टर-99 से सीधे कनेक्ट हो जाएगी। इससे ट्रैफिक सीधे सेक्टर-98 तक जा सकेगा। प्राधिकरण ने बताया कि वर्तमान में यहां करीब 10 से 12 दुकान, कुछ पक्के स्ट्रक्चर और 50 से 70 झुग्गियां है। जिनको ध्वस्त किया जाएगा।

### वाहन चालकों को मिलेगी जाम से निजात

वर्तमान में ये ट्रैफिक सेक्टर-100,101 के बीच से हाजीपुर, सेक्टर-104 होता हुआ सेक्टर-98, एक्सप्रेस वे की ओर आवाजाही करता है। इस कारण सेक्टर-47,100, 101 के ट्रैफिक सिग्नल पर जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में अवैध निर्माण को हटाकर सड़क का निर्माण कराया जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि पर्याप्त पुलिस की मौजूदगी में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा।

## आम्रपाली सिलिकॉन सिटी में बनेंगे टावर

**नोएडा।** सेक्टर-76 आम्रपाली सिलिकॉन सिटी परियोजना में अब अतिरिक्त टावरों का निर्माण हो सकेगा। इसके लिए इसके लिए नेशनल बिल्डिंग्स कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन (एनबीसीसी) ने नोएडा प्राधिकरण से फ्लोर एरिया रेशिया-एफएआर-खरीदा है। इससे परियोजना में 1 लाख 30 हजार वर्ग मीटर एरिया में निर्माण और हो सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि एफएआर खरीदने की एवज में एनबीसीसी ने प्राधिकरण को 354 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। परियोजना में यह एफएआर बढ़ने से गति मिलेगी। पुराने काम के साथ नए काम और खासकर नए फ्लैट का निर्माण भी होगा। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि अब आगे एनबीसीसी नक्शे का प्लान सौंपेगा। इसके बाद ही स्पष्ट हो सकेगा परियोजना में कितने फ्लैट बनेंगे। सिलिकॉन सिटी परियोजना के इस भूखंड का क्षेत्रफल 1 लाख 76 हजार वर्ग मीटर है। इसमें एफएआर के हिसाब से पहले नक्शा पास हुआ था। अब जो एफएआर एनबीसीसी ने खरीदा है उससे नए टावर बनाए जाएंगे।

# नोएडा में बुजुर्ग महिला पांच दिन डिजिटल अरेस्ट

**हथियारों की तस्करी में नाम बताकर ठगे 3.29 करोड़, साइबर पुलिस कर रही जांच**

**नोएडा।** हथियारों की अवैध तस्करी में आधार कार्ड का इस्तेमाल होने का डर दिखाकर साइबर ठगों ने एक बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर लिया। ठगों ने जेल जाने का डर दिखाकर महिला से पांच बार में अलग-अलग खातों में तीन करोड़ 29 लाख 70 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए। जब महिला पर और रकम ट्रांसफर करने का दबाव बनाया जाने लगा, तब उसे ठगी की आशंका हुई। बेटे के कहने पर महिला ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की। पुलिस ने तीन कथित जालसाजों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-47 के डी ब्लॉक में रहने वाली 72 साल की महिला ने बताया कि वह उच्च न्यायालय में वकील थीं। दस जून को महिला के लैंडलाइन नंबर पर एक कॉल आई। कॉलर ने महिला से कहा कि उसके आधार कार्ड और बैंक खाते का इस्तेमाल हथियारों की अवैध तस्करी, ब्लैकमेलिंग और जुआ में इस्तेमाल हुआ है। अनजान व्यक्ति ने खुद को जांच एजेंसी का कर्मचारी बताया।

### जेल जाने का दिखाया डर

उसने महिला से यह भी कहा कि मामला संगीन होने के कारण उसे जेल जाना पड़ सकता है। बताया गया कि इस मामले में 25 अप्रैल को महिला के खिलाफ केस दर्ज हो चुका है। इसके बाद ठगों ने एक व्यक्ति का मोबाइल नंबर दिया और कहा कि मामले के संबंध में एनओसी उन्हें वही देंगे। इसके बाद ठगों ने वॉट्सऐप पर वीडियो कॉल की। बैकग्राउंड में एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में दिखा। पीछे का पूरा नजारा किसी वास्तविक थाने जैसा ही दिख रहा था। पूछताछ के क्रम में महिला के बैंक खातों और उसमें जमा राशि के बारे में जानकारी एकत्र की गई।

## बाढ़ और जल भराव रोकने के लिए प्राधिकरण ने अधिकारियों की तैनाती और जल भराव क्षेत्र में लगाई गई सुपर सोकर मशीन

**नोएडा। वकार सैफी।** यमुना और हिंडन नदी में 2 साल पहले आई बाढ़ से नोएडा का काफी क्षेत्र प्रभावित हुआ था। इस बात से सबक लेते हुए नोएडा प्राधिकरण ने मानसून से पहले जलभराव को रोकने की तैयारी शुरू कर दी हैं। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने बताया कि यमुना नदी और हिंडन नदी में बाढ़ से नोएडा में जल भराव होता है। इसके लिए जरूरी कदम उठाए गए है, कुछ बचे काम भी जल्द पूरे कर लिए जाएंगे। बता दे कि दो दिन पहले हुई बारिश से नोएडा के कई इलाकों में पानी भर गया था, जिसको देखते हुए प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम समीक्षा बैठक की। इसमें सिविल, जल-सीवर, जनस्वास्थ्य और बिजली विभाग के अधिकारी थे। सभी विभागों के अधिकांश अधिकारियों ने कहा कि जलभराव न हो, इसके लिए जरुरी काम कर लिए गए हैं। कुछ बचे काम भी जल्द पूरे कर लिए जाएंगे। सीईओ डॉ लोकेश एम ने बताया कि नोएडा में जो बाढ़ आने का कारण है वो यमुना नदी और हिडन नदी है। यमुना नदी में एक्सप्रेसवे में कुछ पॉइंट्स है जहाँ पानी का जलभराव का स्थिति उत्पन्न हो जाता है। पूरा एक्सप्रेसवे में जहाँ जहाँ यमुना नदी का बाढ़ आने की सम्भावना है वहाँ पर ऑफिसेस पोस्ट किया गया है। कुछ जगह जो लो लेइंग एरिया में सुपर सोकर मशीन हम लोगों ने वहाँ पर इन्स्टॉल किया हुआ है। कुछ नाव भी हम लोगों ने मंगवाया। इसी तरह हिंडन नदी में दो तीन विलेजर्स अफेक्टेड थे। वहाँ पर भी हम लोगों ने सुपर सोकर मशीन्स लगाने के साथ ऑफिसेस का पोस्टिंग किया। सिचाई विभाग से भी बातचीत हुई उन लोगों के साथ कोआपरेशन से काम किया जा रहा है।

# नोएडा प्राधिकरण से सीबीआई ने बिल्डर की मांगी जानकारी

## सबवेंशन स्कीम घोटाले की कर रही जांच, सुप्रीम कोर्ट ने दिया था आदेश

**नोएडा।** बिल्डर-बैंक गठजोड़ से फ्लैट खरीदारों को हुए नुकसान मामले में सीबीआई ने जांच तेज कर दी है। इस मामले से संबंधित सबवेंशन स्कीम घोटाले मामले में सीबीआई ने नोएडा प्राधिकरण से कुछ और बिंदुओं पर जानकारी मांगी है।

इस साल 29 अप्रैल को उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई को सुपरटेक समेत अन्य बिल्डरों की ऐसी परियोजनाओं की जांच का आदेश दिया था जिसमें लोन देने के नाम पर फ्लैट खरीदारों को ठगा गया।

इसके अलावा प्राधिकरण को जांच के लिए जानकारी उपलब्ध कराने को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए कहा था। इस मामले में नोएडा प्राधिकरण ने वित्त अधिकारी संजीव दत्त को नोडल अधिकारी नियुक्त किया था।





अब इस मामले में एक बार फिर सीबीआई की टीम ने मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण पहुंचकर कुछ जानकारी मांगी। इन जानकारी से संबंधित अधिकारियों को पत्र दिया।

### सीबीआई ने मांगी जानकारी

इसमें परियोजनाओं में भूखंड का मूल आवंटन

निर्माण के लिए मंजूर किए गए और वर्तमान समय तक बने फ्लैटों की संख्या

उप विभाजित किए गए भूखंड

### बिल्डर 2014 में लाए थे सबवेंशन स्कीम

नोएडा, ग्रेटर नोएडा में सबवेंशन स्कीम के तहत लाई गई ग्रुप हाउसिंग योजनाओं की शुरुआत साल 2014 के आसपास हुई थी। योजना में धांधली के लिए कुछ बिल्डरों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंकों से लोन पास कराए। बैंकों ने बिना मूल्यांकन और निरीक्षण के रकम जारी कर दी। अधिकारियों के अनुसार, बिल्डर और बैंक के बीच अघोषित समझौते के तहत बैंकों ने बिल्डरों को लोन की पूरी राशि दे दी। शर्तों के तहत फ्लैट का कब्जा मिलने तक बिल्डर को ही ईएमआई का भुगतान करना था, लेकिन कुछ समय बाद बिल्डरों ने ईएमआई देनी बंद कर दी और खरीदारों को फ्लैट भी नहीं दिए। इससे खरीदारों पर ईएमआई का बोझ आ गया और बड़ी संख्या में खरीदार डिफॉल्टर हो गए। कुछ वर्षों बाद इन योजनाओं को लाने वाले अधिकांश बिल्डर दिवालिया हो गए।

### 40 परियोजनाओं के बायर्स हुए डिफाल्टर

नोएडा-ग्रेनो समेत एनसीआर की करीब 40 परियोजनाओं में हजारों फ्लैट खरीदार फंसे हुए हैं। सीबीआई स्पोर्ट्स सिटी मामले की भी जांच कर रही सीबीआई नोएडा में स्पोर्ट्स सिटी घोटाले की भी जांच कर रही है। बीते एक महीने में तीन-चार बार सीबीआई की टीम प्राधिकरण के दफ्तर आ चुकी है। टीम ने स्पोर्ट्स सिटी की सेक्टर-78, 79, 150 और 152 में आवंटित हुए भूखंडों की भी मौके पर जाकर जांच की।

# शार्ट न्यूज

## जल दोहन से ग्रेटर नोएडा के गांवों में जल संकट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में एक यूनिवर्सिटी द्वारा किए जा रहे जल दोहन के विरोध में किसान आंदोलन की तैयारी में हैं। पिछले चार महीनों से यूनिवर्सिटी द्वारा किए जा रहे जल दोहन से रुस्तमपुर, नीलौनी मिर्जापुर, चक जलालाबाद, खेड़ा मोहम्मदाबाद और रौनीजा गांव का भूजल स्तर लगातार गिर रहा है। इस मुद्दे को लेकर बुधवार को रौनीजा गांव में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज के निवास पर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अहमद खान ने की, जबकि संचालन विश्वास नागर ने किया। किसान नेताओं ने गुरुवार सुबह 11 बजे से सेक्टर 22ई यमुना विकास प्राधिकरण, गांव रौनीजा और जेबीएम यूनिवर्सिटी पर धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। किसानों का कहना है कि पुलिस प्रशासन, प्राधिकरण और जिला प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। बैठक में प्रताप नागर, प्रेम पाल फौजी, प्रमोद शर्मा, गजब सिंह, राजन गोड, पप्पू प्रधान और मनवीर भाटी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रंजिश में परिवार पर फायरिंग का मामला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक परिवार पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पंकज को बुधवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। घटना जमालपुर गांव की है। यशपाल भाटी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके पड़ोसी शिवम को उनके भाई से रंजिश थी। 19 जून की रात शिवम अपने साथियों के साथ उनके घर पहुंचा। आरोपियों ने परिवार को देखते ही कई राउंड फायरिंग कर दी। हालांकि, परिवार के सभी सदस्य बच गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उनके घर के गेट को लोहे की रॉड से तोड़ दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस पहले ही मुख्य आरोपी शिवम समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि परिवार पर फायरिंग करने वाले सभी आरोपी अब गिरफ्तार कर लिए गए हैं।

## नोएडा में मनाया गया वन महोत्सव

**नोएडा।** नोएडा में आज से वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सात जुलाई तक यहां पौधरोपण किया जाएगा। इस बार 9 लाख 31 हजार 520 पौधों को लगाया जाएगा। कार्यक्रम ओखला बर्ल्ड सेंचुरी में आयोजित किया गया। इसमें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग राज्य मंत्री केपी मलिक मौजूद रहे। राज्यमंत्री ने रुद्राक्ष का पौधा लगाया। उन्होंने अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील करने साथ पर्यावरण व प्रकृति के प्रति सद्भावना रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को हो रहे नुकसान को न्यूनतम करने के लिए पर्यावरण संरक्षण बहुत आवश्यक है। इस मुहिम का हिस्सा सभी को बनना चाहिए। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, मुख्य वन संरक्षक पश्चिमी जोन उत्तर प्रदेश मेरठ एन के जानू, वन संरक्षक मेरठ वृत्त मेरठ आदर्श कुमार, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा उपस्थित रहे। आए हुए लोगों ने रुद्राक्ष, चंदन, मौलश्री, सिंदूर का पौधा लगाया और लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण का संदेश दिया। इस मौके पर पौधरोपण से संबंधित एक प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## नोएडा में किसान की करंट लगने से मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दौला रजपुरा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। मंगलवार को दादरी क्षेत्र के मायचा की मढैया गांव के किसान सतीश की खेत में काम करते समय करंट लगने से मौत हो गई। घटना में उनकी दो बेटियां भी झुलस गईं। मृतक के भतीजे कैलाश की शिकायत पर पुलिस ने मंडी श्याम नगर बिजली उपकेंद्र के तीन अधिकारियों के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है। कैलाश ने बताया कि उनके चाचा सतीश (38) खेत पर काम कर रहे थे। अचानक खेत के पानी में करंट फैल गया। इससे सतीश की मौके पर ही मौत हो गई। पिता को बचाने की कोशिश में उनकी दो बेटियां भी झुलस गईं। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि बिजली विभाग ने कुछ दिन पहले ही सतीश के खेत के किनारे ट्रांसफॉर्मर लगाया था। सतीश ने कई बार अधिकारियों को वहां ट्रांसफॉर्मर न लगाने की विनती की थी। लेकिन अधिकारियों ने उनकी बात नहीं मानी। 11 हजार वोल्टेज की लाइन का तार खेत के पानी के संपर्क में आने से यह हादसा हुआ। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि विद्युत विभाग के एक्सईन और एसडीओ समेत तीन अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

## लूट करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** बस अड्डों और मेट्रो स्टेशनों समेत भीड़भाड़ वाले अन्य स्थानों से राहगीरों का मोबाइल छीनने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने सरगना समेत तीन सदस्यों को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्त में आए आरोपी बैग से कीमती सामान भी चोरी करते हैं। आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल होने वाली स्कूटी, तमंचा, कारतूस, लूट और चोरी के दस मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि दिल्ली सरिता विहार के जनता फ्लैट निवासी अमित बहादुर उर्फ भोलू, मधुबनी बिहार के कृष्णा और फिरोजाबाद में नसीर निवासी रोहित यादव को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में पता चला कि तीनों लूट और चोरी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। गिरोह का सरगना अमित बहादुर है। वह मथुरा, दिल्ली और अन्य जनपद में छिनैती व चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है। पूछताछ में उसने बताया कि गिरोह के सदस्य स्कूटी से निकलकर बस अड्डे, मेट्रो स्टेशन या अन्य भीड़भाड़ वाले स्थान पर यात्रियों को टारगेट करते थे। फिर उनके बैग या जेब से कीमती फोन चुरा लेते थे। एडिशनल डीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि ये तीनों संगठित गिरोह बनाकर वारदात को अंजाम देते है।

# भारतीय स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर साइबर जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन

**एसीपी साइबर क्राइम विवेक रंजन राय ने साइबर क्राइम से बचाव हेतु सावधानियों की दी जानकारी**

**गौतम बुद्ध नगर।** भारतीय स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक ब्रांच कलेक्ट्रेट ग्रेटर नोएडा द्वारा साइबर क्राइम को लेकर साइबर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर अधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता, बैंक शाखा कलेक्ट्रेट ग्रेटर नोएडा की मुख्य प्रबंधक शिल्पा देशवाल तथा कलेक्ट्रेट की अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सत्र की शुरुआत में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की उप शाखा प्रबंधक दिव्या महिंद्रा ने बैंक के गौरवशाली इतिहास के बारे में चर्चा की।

साइबर जागरूकता सत्र के दौरान एसीपी साइबर क्राइम विवेक रंजन राय ने साइबर धोखाधड़ी में वृद्धि के विभिन्न कारणों, धोखाधड़ी करने





वालों द्वारा अपनाई जाने वाली कार्यप्रणाली, धोखाधड़ी की घटनाओं को रोकने के लिए बढ़नी जाने वाली सावधानियों और धोखाधड़ी होने पर की जाने वाली कार्रवाई पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि आज के सत्र में साइबर क्राइम से बचने हेतु बताए गयी सावधानियों को ध्यान में रखते हुए अपने आप को साइबर क्राइम की घटनाओं से बचाया जा सकता है।

## ग्रेटर नोएडा में खुलेगा वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का कैंपस

**गौतम बुद्ध नगर।** वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय जल्द ही ग्रेटर नोएडा में अपना कैंपस खोल सकता है। बुधवार को ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार और एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के शिक्षा और अनुसंधान मंत्री जॉर्ज थिवोस, नैथनियल वेब शामिल थे। साथ ही वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के डिप्टी वाइस चांसलर बिल पैरासिरिस और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मैरिओन जॉन्स भी मौजूद रहे। प्राधिकरण ने विश्वविद्यालय को कैंपस के लिए जगह देने पर सहमति जताई है। सीईओ रवि कुमार ने कहा कि ग्रेटर नोएडा एजुकेशन हब के रूप में जाना जाता है। यहां शिक्षा के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। विश्वविद्यालय युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# फर्जी मार्कशीट और डिग्री के कारोबार का पर्दाफाश

## सरगना समेत दो गिरफ्तार, 80 हजार से 2 लाख में उपलब्ध कराते मार्कशीट और डिग्री





**नोएडा। वकार सैफी।** फेज वन थाना पुलिस ने नकली मार्कशीट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने जल बोर्ड सेक्टर- 1 पास गिरोह का सरगना समेत दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनो सेक्टर-15 के एक किराए के घर में चला रहे इस फर्जीबाडे का कारोबार, उनकी निशादेही पर 68 फर्जी मार्कशीट, 7 माइग्रेशन सर्टिफिकेट, 22 रिज्यूम, 14 प्लेन एग्जामिनेशन कापी, 9 डाटा शीट, 4 फर्जी मोहर, दो लग्जरी कार, स्कूटी, प्रिंटर मशीन, मोबाइल और लैपटॉप समेत अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किया है।

### अलग-अलग राज्यों के बोर्ड और विश्वविद्यालयों की बनाते थे फर्जी मार्कशीट और डिग्री

बता दे कि पुलिस की गिरफ्त में खडे अभिमन्यु गुप्ता और धर्मेन्द्र गुप्ता पुलिस ने नकली मार्कशीट बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोनों फर्जी मार्कशीट बनाकर छात्रों को बेचते थे। ये लोग अलग-अलग राज्यों के बोर्ड और विश्वविद्यालयों की मार्कशीट और डिग्री तैयार करते थे। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि पुलिस को इनपुट मिला था कि सेक्टर-15 के एक किराए के घर में फर्जी मार्कशीट और प्रमाणपत्र तैयार किए जा रहे हैं जहां अलग-अलग राज्यों के बोर्ड और विश्वविद्यालयों की मार्कशीट और डिग्री बनाई जा रही है। इन आरोपियो के निशाने पर बेरोजगार और परीक्षा में फेल तथा नौकरी की आयु पार कर देने वाले लोगो रहते थे। ये लोग फर्जी मार्कशीट आदि बनवा कर इसका प्रयोग नौकरी पाने तथा अन्य अपने स्वार्थ पूरा करने के लिये इस्तमाल कर लेते है। डीसीपी नोएडा ने बताया कि फर्जी मार्कशीट व अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र अलग अलग विश्वविद्यालय और बोर्ड से सम्बद्ध दिखाते थे। मार्कशीट आदि में ग्राहक की इच्छा अनुसार उसकी आयु तथा प्राप्त अंक तथा प्रतिशत अंकित कर ग्राहक को देते है। जिसका डाटा अभियुक्तगण द्वारा गूगल से प्राप्त करते थे। जिसके बदले इन फर्जी मार्कशीट आदि का ग्राहको 80 हजार से 02 लाख रूपये या ग्राहक की मजबूरी देखकर उसके हिसाब से रूपये लेते है। गिरोह का सरगना तकनीकी रूप से काफी दक्ष है और उसने अपने साथियों के साथ मिलकर यह नेटवर्क तैयार किया था।

# हीरो भैया ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया

## 2027 में अखिलेश यादव फिर होंगे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री : हीरो भैया





**कन्नौज।** कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन हीरो भैया (सतेंद्र सिंह यादव) के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हीरो भैया ने अखिलेश यादव को देश-प्रदेश के गरीबों, किसानों, नौजवानों और वंचित समाज का सच्चा हितैषी बताते हुए कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार फिर बनेगी और प्रदेश को खुशहाली, विकास व न्याय के रास्ते पर लौटाया जाएगा।

हीरो भैया ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज देश के विभिन्न हिस्सों में गरीबों के घर बुलडोजर से तोड़े जा रहे हैं, किसानों की ज़मीनें छीनी जा रही हैं और बड़े उद्योगपतियों को औने-पौने दामों में दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और शोषित समाज के लोगों पर अत्याचार चरम सीमा पर है। एक तरफ सरकार विकास का झूठा ढोल पीट रही है, वहीं दूसरी तरफ देश में नफरत, भेदभाव और आर्थिक असमानता बढ़ती जा रही है।

हीरो भैया ने कहा कि कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के सांसद होने के नाते अखिलेश यादव जी से कन्नौज की जनता का गहरा जुड़ाव है और यहां की जनता 2027 में उन्हें फिर मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अब वक्त बहुत कम है, सभी साथी समाजवादी विचारधारा के साथ घर-घर जाकर भाजपा की नीतियों की पोल खोलें और समाजवादी सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं।

कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों, सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में कन्नौज जनपद के समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री कलीम खान, पूर्व विधायक श्री कल्याण सिंह दोहरे, पूर्व विधायक श्री अरविंद प्रताप यादव, पूर्व विधायक श्री ताहिर हुसैन, कन्नौज प्रभारी श्री अनिल यादव सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता एवं आम जनता उपस्थित रही।

# वाराणसी में ढाबे के अंदर छात्रा की गला रेतकर हत्या

## कंबल में लिपटी लाश मिली, घर से कॉलेज के लिए निकली थी

**वाराणसी।** वाराणसी में छात्रा की गला रेतकर हत्या कर दी गई। बुधवार देर शाम उसका शव एक ढाबे पर कंबल में लिपटा मिला। छात्रा सुबह घर से कॉलेज गई थी। लेकिन छुट्टी होने पर घर नहीं लौटी, तो परिजन पुलिस स्टेशन पहुंचे। गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई।

शाम को ढाबे पर लाश मिलने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस परिजनों को लेकर पहुंची, जिसकी उन्होंने शिनाख्त की। परिजनों का आरोप है कि ढाबा संचालक और छात्रा के दोस्तों ने मिलकर हत्या की है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है। छात्रा ढाबे पर अकेले आई थी या किसी के साथ? यह पुलिस पता कर रही है। मामला मिर्जामुराद थाना क्षेत्र का है।

### सुबह घर से निकली थी छात्रा

मेहंदीगंज मिर्जामुराद निवासी चंद्रशेखर की बेटी अल्का बिंद (22) घर से 4 किमी दूर रूपापुर के डिग्री कालेज से ग्रेजुएशन कर रही थी।




बुधवार सुबह वह घर से कॉलेज के लिए निकली। लेकिन, घर नहीं लौटी। परिवार को चिंता हुई तो उसे फोन किया। लेकिन, मोबाइल संपर्क के बाहर बताता रहा। अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। देर शाम कॉलेज से महज 500 मीटर दूरी पर विधान ढाबा परिसर में उसका शव खून से लथपथ मिला। ढाबे में कई कमरे बने हैं। एक कमरे में उसकी कंबल में लिपटी लाश पड़ी थी। युवती की गले पर गहरे जख्म मिले। आशंका है कि धारदार हथियार से गला रेतकर उसकी हत्या की गई है। एसीपी राजातालाब और डीसीपी को सूचना दी गई। सभी ने घटनास्थल की बारीकी से पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने सबूत जुटाए हैं।

## शार्ट न्यूज

### तीन वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**ललितपुर।** बानपुर पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थाना बानपुर पुलिस द्वारा थाना बानपुर पर पंजीकृत मु0नं0 2005/22 धारा 325/323/504 भादवि के दो वारण्टीगण मंगल सिंह पुत्र मूलचन्द्र उम्र करीब 49 वर्ष कुम्मेर पुत्र मंगल सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासीगण ग्राम कुआगाँव थाना बानपुर जनपद ललितपुर व मु0नं0 863/22 धारा 323/504 भादवि के वारण्टी डरुवा पुत्र हल्के उम्र करीब 52 वर्ष नि0 ग्राम सूरीकलाँ थाना बानपुर ललितपुर को समय 09.40 बजे गिरफ्तार किया गया। वारण्टीगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

### पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** तालबेहट पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी सदर रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा थाना तालबेहट पर पंजीकृत अ0सं0 326/20 धारा 279/337/338 भादवि के दो वारण्टीगण मुकेश पुत्र इमरत राजपूत प्रागीलाल पुत्र फेरन झां नि0गण ग्राम तेरई फाटक थाना तालबेहट ललितपुर को समय 09.15 बजे गिरफ्तार किया गया। वारण्टीगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा, उ.नि. मानवेन्द्र सिंह परमार चौकी प्रभारी तेरई उ.नि. नरेन्द्र सिंह का.सूरज सिंह का. रोहित सिंह आदि शामिल रहे।

### महोबा में खनिज परिवहन शुल्क वसूली का ठेका

**महोबा।** महोबा जिला पंचायत ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खनिज परिवहन शुल्क वसूली का ठेका ई-ऑक्शन से आवंटित किया है। भारत सरकार के ई-ऑक्शन पोर्टल पर 11 जून से शुरू हुई इस प्रक्रिया में कुल 7 आवेदन प्राप्त हुए। दस्तावेज परीक्षण के बाद 4 पात्र बोलीदाताओं ने ऑनलाइन बोली में भाग लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी के अनुसार, पूरे वित्तीय वर्ष के लिए खनिज परिवहन शुल्क की अनुमानित राशि 27.89 करोड़ रुपए थी। अप्रैल से जून तक तीन माह बीतने के कारण, शेष 9 माह के लिए न्यूनतम बोली राशि 13.13 करोड़ रुपए निर्धारित की गई थी। लखनऊ की सार मिनरल्स कंपनी ने सर्वाधिक 25.43 करोड़ रुपए की बोली लगाकर ठेका हासिल किया। यह अब तक की सबसे बड़ी बोली है। इससे जिला पंचायत महोबा और राज्य सरकार को दोगुना राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। ई-ऑक्शन प्रक्रिया शासन के निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हुई। यह सरकार की डिजिटल प्रक्रिया की विश्वसनीयता और राजस्व संग्रहण की कुशलता को दर्शाता है।

### साइबर फ्रॉड करने वाले पांच शातिर गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ पुलिस ने क्रेडिट कार्ड से फ्रॉड करने वाले अंतर जनपदीय गिरोह के पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के कब्जे से 25 नए मोबाइल फोन कर पुराने मोबाइल फोन 14 क्रेडिट डेबिट कार्ड और हुंडई की एक कार भी बरामद की गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोगों द्वारा साइबर ठगी का मोबाइल खरीद कर सस्ते दामों में बेचा जा रहा था। जिसकी सूचना पर कोतवाली और साइबर सेल की टीम मामले की जांच में जुटी थी। पुलिस ने बुधवार को अंजैश सरोज, आदित्य सिंह, दीपक नया बनवार और संयम जैन को गिरफ्तार किया गया है। संयम जैन दिल्ली का रहने वाला है जबकि नायाब अनवर बिहार के पटना जिले का रहने वाला है। मामले का खुलासा करते हुए जिले एसएसपी हेमराज मीणा ने बताया कि पुलिस को मुखबिर द्वारा बताया गया कि बाजार में कुछ लोग मोबाइल की दुकानों पर घूम-घूमकर चोरी के नये मोबाइल सस्ते दामों में बेचने के लिए अच्छे ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की थी। पकड़े गये अभियुक्तों द्वारा बताया गया हमारा एक अन्य साथी क्रेडिट कार्ड से फ्राड करने हेतु डिटेल प्राप्त करने गाजियाबाद दिल्ली की तरफ गया है।

### दरोगा से मारपीट के 2 आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान दरोगा से मारपीट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। इसके बाद कान पकड़वाकर थाने में उनकी परेड कराई। दोनों आरोपी बोले- अब ऐसी गलती नहीं करेंगे। इस बार माफ कर दीजिए सर। पुलिस ने मुख्य आरोपी धर्मेंद्र उर्फ बीरू को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया था। घटना सोमवार शाम की है। पुलिस के अनुसार नगराम थाने के दरोगा अनुज भाटी और हेड कांस्टेबल नितेश वर्मा छंगा खेड़ा गांव से लौट रहे थे। बरकत नगर चौराहे के पास करोरा की ओर एक बिना नंबर प्लेट की बाइक खड़ी मिली। पुलिस ने जब कागजात मांगे तो गोसाईगंज थाना क्षेत्र के साहनखेड़ा गांव के रहने वाले धर्मेंद्र उर्फ बीरू, राकेश और जयकरन ने दरोगा से बहस शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने पुलिस वालों से मारपीट की। इसके बाद तीनों मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बीती मंगलवार को धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद बुधवार को राकेश उर्फ राहुल और जयकरन उर्फ नरेंद्र को करोरा बाजार के पास बनी पुलिया से गिरफ्तार किया गया।

### अवैध फैक्ट्री पकड़ी, 1100 किलो पनीर जब्त

**मथुरा।** मथुरा में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जनपद के अलग-अलग स्थान पर छापामार कार्रवाई की हैं इसी क्रम में मथुरा के बरसाना स्थित एक अवैध पनीर फैक्ट्री पर छापेमारी की। सहायक आयुक्त धीरेंद्र प्रताप सिंह और अधिकारी ज्ञानपाल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान टीम को परिसर में अवैध रूप से पनीर का निर्माण होते हुए पाया गया। फैक्ट्री में खाद्य व्यवसाय के लिए आवश्यक लाइसेंस नहीं था। टीम ने मौके से 3800 लीटर रिकॉम्बाइंड मिल्क, 60 किलो मिश्रित दूध और लगभग 1100 किलो तैयार पनीर जब्त किया। इसके अलावा फैक्ट्री से रिफाइंड के 13 टिन, सोयाबीन पाउडर, चूने का घोल, एसिटिक एसिड और हाइड्रोजन पेराक्साइड जैसे रसायन भी बरामद किए गए। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई करते हुए टीम ने कुल 6 नमूने लिए। इनमें पनीर के 2 नमूने, रिफाइंड तेल का 1 नमूना, चूने के घोल के 2 नमूने और पनीर बनाने में प्रयुक्त घोल का 1 नमूना शामिल है। सभी नमूने जांच के लिए लैब भेजे गए हैं।

### ट्रैफिक पुलिस पर कार चढ़ाने की कोशिश

एटा। एटा के कोतवाली नगर क्षेत्र में एक ट्रैफिक पुलिस कर्मी पर हमले का मामला सामने आया है। बुधवार को यातायात पुलिस में तैनात जयंत चक्रवर्ती गांधी नगर मार्केट से सामान खरीदकर लौट रहे थे। इस दौरान दिल्ली नंबर की एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जयंत ने कार को रोकने का प्रयास किया। चालक ने पहले उन पर कार चढ़ाने की कोशिश की। फिर कार से उतरकर डंडे से हमला कर दिया। इस हमले में पुलिस कर्मी घायल हो गए। घटना का वीडियो सामने आया है। पुलिस ने घायल जयंत का मेडिकल परीक्षण कराया। उनकी शिकायत पर आरोपी शिवम शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। शिवम नगला भजुआ थाना रिजोर का रहने वाला है। वह गुजरात में नौकरी करता है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

# अयोध्या में राजेश सिंह हत्याकांड का खुलासा, दोस्ती का कत्ल

**अयोध्या।** अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में 28 जून की रात एक युवक हाथ की नस काट कर आत्महत्या की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस घटना की पोस्ट मार्टम रिपोर्ट ने पलट पूरी कहानी पलट दी जिसके पुलिस ने इस मामले का हत्या स्वीकार इस ब्लाइंड मर्डर की जांच शुरू कर दी।

पुलिस की जांच में पता चला कि युवक की हत्या गला घोट कर की गई है और हाथ का नस काट कर आत्महत्या का रूप दिया गया है। मृतक राजेश सिंह गाजीपुर का मूल निवासी था। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में रहकर वह ब्याज पर रुपए देने का काम करता था।

गाजीपुर का इसके साथी ने भी डेढ़ लाख रुपए लगाकर हिस्सेदारी बनाई थी। लाभ न मिलने पर उसने राजेश के मर्डर का प्लान बना डाला।

घटना की रात में खाने मे नशे की गोली मिलाकर दोस्त को बेहोश करने के बाद उसकी बाद गला घोटकर हत्या कर दी।

एसएसपी डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने आज पूरे मामला का खुलासा कर दिया है।

# लखनऊ में राजा भैया की पत्नी का हाई वोल्टेज ड्रामा

## मां ने गेट नहीं खोला तो हंगामा किया, बहन ने पुलिस बुलाई

**लखनऊ।** प्रतापगढ़ के कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह ने लखनऊ के हजरतगंज इलाके के सिल्वर ओक अपार्टमेंट में हाई वोल्टेज ड्रामा किया। मंगलवार देर रात भानवी अपने माता-पिता से मिलने पहुंची थीं, लेकिन परिवार के लोगों ने फ्लैट का गेट नहीं खोला। इसके बाद उन्होंने अपार्टमेंट के बाहर एक घंटे तक हंगामा किया। मामला बिगड़ता देख भानवी सिंह की बहन साध्वी ने पुलिस को कॉल की। थोड़ी ही देर में हजरतगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। किसी तरह रात



करीब 12 बजे समझा-बुझाकर भानवी को शांत कराया और उन्हें वापस भेज दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, हंगामे के दौरान अपार्टमेंट के बाहर काफी भीड़ जमा हो गई थी। उनमें से कई लोग वीडियो बनाने में जुटे थे।

भानवी सिंह रात करीब 10 बजे अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 201 में पहुंचीं। अपार्टमेंट के कुछ लोगों ने बताया कि भानवी सिंह के साथ एक और महिला भी थी। भानवी लगातार मां और बहन को पुकारती रहीं। काफी देर तक फ्लैट के बाहर खड़ी होकर आवाजें लगाती रहीं कि मां गेट खोलो, मुझे मिलना है, लेकिन गेट नहीं खुला। अंदर से उनकी बहन साध्वी की आवाजें आ रह थीं।

### माता-पिता से नहीं मिलने देने का आरोप लगाया

भानवी सिंह ने कहा, मुझे मेरे माता-पिता से नहीं मिलने दिया गया। मैं बुधवार को अपना पक्ष सबके सामने रखूंगी। वहीं, साध्वी सिंह की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है। हालांकि, पुलिस को उन्होंने मौखिक रूप से 'माता-पिता को जबरन ले जाने की कोशिश' का आरोप लगाया था।

# जिलाधिकारी ने बैंकों में जाकर की सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा

**ललितपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा हेतु स्वयं बैंकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक की गांधीनगर शाखा में जिलाधिकारी द्वारा पत्रावलियों का निरीक्षण किया गया एवं कुछ आवेदकों से वार्ता कर उनकी समस्या के बारे में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी द्वारा शाखा प्रबन्धक को लम्बित आवेदन पत्रों पर निस्तारण के लिए 15 जुलाई तक का समय दिया गया है।

एचडीएफसी बैंक, ललितपुर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा आवेदकों से वार्ता कर उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। शाखा प्रबन्धक को लंबित आवेदन पत्रों को 15 जुलाई तक निस्तारित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि बैंकों को



वित्तीय वर्ष में प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति के लिए वित्तीय वर्ष के अन्त की प्रतीक्षा न करते हुए प्राप्त वार्षिक लक्ष्य को समय से पहले ही पूर्ण कर लिया जाय तथा बैंकों को प्राप्त ऋण पत्रावलियों का निस्तारण आवेदकों के सम्पर्क स्थापित करने के बाद ही किया जाय। महिला उद्यमी के प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए, उनसे अनावश्यक दस्तावेज की मांग न की जाए। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि आप समस्त बैंकों की शाखाओं से उनके द्वारा वित्त पोषित इकाईयों में से कोई एक सबसे अच्छी इकाई का विवरण उपलब्ध करायें। इसी के क्रम में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा विकास भवन का निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया तथा शाखा प्रबन्धक को बैंक द्वारा स्वीकृत प्रकरणों को शीघ्र वितरण के लिए निर्देशित किया गया एवं लम्बित आवेदन पत्रों के निस्तारण के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है।

## गोरखपुर में सड़क पर दिखा अजगर, हड़कंप

**गोरखपुर।** गोरखपुर के गोलघर से मोहद्दीपुर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर मंगलवार रात करीब 9 बजे एक विशाल अजगर दिखाई देने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह अजगर सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम के पास विंध्यवासिनी पार्क के समीप सड़क किनारे देखा गया, जिसे देखकर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। अजगर को देखकर वहां मौजूद लोग रुक गए और अपने-अपने मोबाइल से उसकी फोटो और वीडियो लेने लगे। कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो गया। सड़क किनारे उत्सुक लोगों की भीड़ के चलते यातायात भी प्रभावित हुआ। राहगीर देवेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि अजगर के आसपास भीड़ बढ़ने से वह घबरा गया था। लगातार सरकने की कोशिश कर रहा था, लेकिन भीड़ के कारण वह आगे नहीं बढ़ पा रहा था। कुछ लोग उसे छेड़ने से रोकते नजर आए, जबकि अन्य केवल तमाशबीन बने रहे।

# शादी समारोह में अवैध असलहे के साथ डांस करने वाले दो गिरफ्तार



**ललितपुर।** तालबेहट शादी समारोह में अवैध असलहा लेकर डांस करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान तीन कारतूस भी बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान दो अभियुक्त केहर रैकवार पुत्र स्व0 मगनलाल रैकवार उम्र 20 वर्ष नि0 ग्राम कडेसराकलां थाना तालबेहटललितपुर सुरेन्द्र रैकवार पुत्र लखनलाल रैकवार उम्र 21 वर्ष नि0 ग्राम खांदी मजरा बिन्द्रावन बाग नई बस्ती गोलपुरा थाना तालबेहट जिला ललितपुर को सेन बस्ती नहर के पास पूराकला रोड वहद कस्बा तालबेहट से नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया, जिनके कब्जे से दो अवैध तमंचा 315 बोर व तीन अवैध जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुये।

बरामदगी के आधार पर थाना तालबेहट पर मु0अ0सं0 303/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण केहर रैकवार सुरेन्द्र रैकवार उपरोक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

# वाराणसी में उफान पर गंगा, डूबे छोटे मंदिर

## 50 घंटे में 2.96 मीटर बढ़ा जलस्तर, 10 सेमी की हर घंटे बढ़ोतरी



**वाराणसी।** वाराणसी में गंगा उफान पर है। गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण अब घाटों की सीढ़ियां भी एक के बाद एक डूब रही हैं। इसके अलावा घाट किनारे छोटे-बड़े मंदिरों में भी गंगा का पानी भर चुका है। करीब 20 छोटे मंदिर डूब गए हैं। ऐसा ही रहा तो जल्द ही घाटों पर घूमना-फिरना बंद हो जाएगा। क्योंकि, एक-दूसरे घाटों पर जाने का रास्ता पानी से भर जाएगा। गंगा का जलस्तर पिछले 50 घंटे में 2.96 मीटर बढ़ चुका है।

### 10 सेमी प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ रही गंगा

केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को सुबह 8 बजे गंगा का जलस्तर 62.28 रिकॉर्ड किया गया। हर घंटे 10 सेमी की बढ़ोतरी हो रही है। वहीं, मंगलवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर बढ़कर 61.95 मीटर पर आ गया। जबकि सोमवार की सुबह 6 बजे तक जलस्तर 59.32 मीटर रिकॉर्ड किया गया था। ऐसे में सोमवार सुबह 6 बजे से बुधवार सुबह 8 बजे तक 50 घंटे में 2.96 मीटर की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, ये चेतावनी बिंदु से 8.31 मीटर नीचे है। अस्सी और सामने घाट के पास रेत के टीले का दो तिहाई हिस्सा गंगा में डूब चुका है।

# एसपी ने किया तालबेहट कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण

## एसपी ने कस्बा तालबेहट में पैदल गस्त कर ताजियां निकलने वालें मार्ग का निरीक्षण किया





**ललितपुर।** तालबेहट पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना तालबेहट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, परिसर, महिला हेल्प डेस्क, हवालात आदि का निरीक्षण किया गया। मोहर्रम त्यौहार के दृष्टिगत थाने पर मौजूद पुलिस बल के साथ तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। आगामी त्यौहार मोहर्रम के ताजिया निकलने के मार्ग व कर्बला के स्थानों का भौतिक निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। ताजियादारों से वार्ता/समन्वय स्थापित करें, ताजिया की ऊँचाई मानक से अधिक नहीं होनी चाहिए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। यात्रा/जुलूस के यात्रा मार्ग पर बिजली के तारों की स्थिति का मूल्यांकन कर, जोखिम वाले क्षेत्रों में विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर समाधान कराया जाए। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतते हुए पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर बॉक्स फॉर्मेशन ड्यूटियाँ लगाई जाए किया जाए। ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, यात्रा के रास्तों मिश्रित आबादी क्षेत्र पर निगरानी सुनिश्चित की जाए। डीजे संचालकों से वार्ता कर डीजे की उँचाई व बेस साउंड निर्धारित मानकों के अनुरूप ही रखा व बजाया जाए, अधिक ध्वनि एवं अत्यधिक बेस साउंड वर्जित रहेगा। क्यूआरटी, फायर सर्विस एवं स्कॉर्ट टीमें संवेदनशील स्थलों/रुटों पर अलर्ट मोड में रखे जाए जो तत्काल स्थिति नियंत्रण हेतु उपलब्ध रहें। थाना तालबेहट में लम्बित विवेचनाओं/प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु प्रभारी निरीक्षक तालबेहट को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात कस्बा तालबेहट में पैदल गस्त किया गया तथा ताजिया निकालने का मार्ग का भौतिक निरीक्षण किया गया। पैदल गस्त के दौरान लोगो से वार्ता की गयी तथा त्यौहार को शान्तिपूर्वक मनाने की अपील की गयी। व्यापारियों/दुकानदारों से अपनी अपनी दुकानों पर अधिक से अधिक संख्या में सीसीटीवी कैमरे लवगाने की अपील की गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बारिश से 18 की मौत, 57 घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मानसून की बारिश ने 11 बच्चों सहित 18 लोगों की जान ले ली, जबकि 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं में 57 लोग घायल हो गए। अब तक मानसूनी बारिश में कुल 45 लोग मारे गए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) पंजाब ने सोमवार को कहा, अधिकांश मौतें जीर्ण शीर्ण इमारतों और उनकी छतें ढहने से हुई। बारिश से 50 घर क्षतिग्रस्त हो गए। बिजली गिरने से खानेवाल, ओकारा में दो वयस्क और मंडी बहाउद्दीन में दो बच्चों की मौत हो गई।

### सेना ने कैलिफोर्निया में तैनात 200 सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की

**लॉस एंजेलिस , एजेंसी।** अमेरिकी सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से कैलिफोर्निया के लॉस एंजेलिस में चल रहे विरोध प्रदर्शनों में तैनात 200 सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की है। यह मांग इसलिए की गई है ताकि सैनिकों को जंगल में लगी आग को बुझाने के काम में लगाया जा सके। यह जानकारी दो अमेरिकी अधिकारियों ने दी। दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जून की शुरुआत में अवैध प्रवासियों के खिलाफ छापेमारी के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों के जवाब में, गवर्नर गेविन न्यूसम की मर्जी के खिलाफ करीब 4,000 नेशलन गार्ड्स और 800 मरीन सैनिकों को लॉस एंजेलिस में तैनात किया था।

### खैबर-पख्तूनख्वा में दो आतंकी घटनाओं में पांच लोगों की मौत

**क्वेटा, एजेंसी।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में दो अलग-अलग आतंकी घटनाओं में पांच लोग मारे गए। दोनों आतंकी घटनाएं खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अशांत लक्की मरवात जिले में हुई। पहली घटना में, एक गश्ती वाहन को निशाना बनाकर सड़क के किनारे किए गए बम विस्फोट में दो सैनिकों की मौत हो गई। शाहब खेल क्षेत्र में हुई दूसरी घटना में अज्ञात बंदूकधारियों ने तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

### ट्रंप ने कैबिनेट को क्यूबा के प्रति अमेरिकी नीति की समीक्षा करने का निर्देश दिया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने शीर्ष कैबिनेट अधिकारियों को क्यूबा पर वर्तमान प्रतिबंधों की जांच करने और 30 दिनों के भीतर उन्हें और कड़ा करने के तरीके सुझाने का आदेश दिया है। स्टेट, राजकोष, वाणिज्य, गृह, कृषि विभागों और लगभग हर दूसरी संघीय एजेंसी को सोमवार को भेजे गए ज्ञापन में ट्रंप ने कहा कि समीक्षा में अमेरिका को द्वीप पर सभी पर्यटन को बंद करने के तरीकों की तलाश करनी चाहिए और साथ ही शैक्षिक पर्यटन को केवल अमेरिकी नागरिकों द्वारा आयोजित और संचालित समूहों तक सीमित करना चाहिए।

### 2018 में आग से नष्ट हुए राष्ट्रीय संग्रहालय को फिर से खोलेगा ब्राजील

**ब्रासीलिया , एजेंसी।** ब्राजील दो दिन बाद 2018 में आग से नष्ट हुए राष्ट्रीय संग्रहालय को फिर से खोलेगा। सोमवार को इसके पुनर्निर्मित भवन और संग्रह की एक झलक पेश की गई। ब्राजील के शिक्षा मंत्री कैमिलो सैन्टाना ने बताया कि संग्रहालय का पूर्ण नवीनीकरण 2027 के अंत तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग 95 मिलियन अमरीकी डॉलर का पुनर्निर्माण बजट सार्वजनिक और निजी कंपनियों के बीच विभाजित किया जा रहा है। बता दें कि यह भवन कभी एक शाही महल था जो संयुक्त पुर्तगाली और ब्राजील साम्राज्य की सीट के रूप में काम करता था।

### सिंगापुर में दंगा भड़काने के आरोप में भारतवंशी को जेल

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर में एक भारतवंशी को दंगा भड़काने के आरोप में दो साल तीन महीने जेल की सजा सुनाई गई है। साथ ही तीन कोड़े मारने की भी सजा सुनाई गई है। कविंद राज कानन और 10 अन्य लोगों ने मोहम्मद इसरत मोहम्मद इस्माइल पर 20 अगस्त 2023 को हमला किया था। हमले में इसरत की मौत हो गई थी। इस मामले में भारतवंशी अश्विन पाचन पिल्लई ने इसरत को चाकू मारा था। पिल्लई पर हत्या का आरोप है और उसके मामले में सुनवाई चल रही है। गैंग के अन्य सदस्यों पर दंगा भड़काने का आरोप है।

### अज्ञात कॉल से मेक्सिको के श्मशान में मिले 383 शव

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** मेक्सिको में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दरअसल एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को फोन करके एक श्मशान घाट में 383 शव होने की जानकारी दी। पुलिस ने जब मौके पर जाकर देखा तो उसे सच में श्मशान में 383 शव मिले। घटना मेक्सिको के सीमावर्ती शहर सिउदाद जुआरेज की है। अभियोजकों का कहना है कि जो शव मिले हैं, वो तीन या चार साल पुराने हैं। पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि श्मशान में इतनी बड़ी संख्या में शव कहां से आए। पुलिस ने श्मशान घाट के मालिक और उसके कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। उष्णकटिबंधीय तूफान फ्लॉसी हुआ मजबूत, मेक्सिको के तट से टकरा सकता है।

# तुर्किये में पैगंबर मुहम्मद का कार्टून बनाने पर विवाद

## कार्टूनिस्ट समेत 4 गिरफ्तार, गृह मंत्री बोले- यह फ्रीडम ऑफ स्पीच नहीं

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये में पैगंबर मुहम्मद का कार्टून छपने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। न्यूज एजेंसी क्क के मुताबिक, लेमन मैगजीन ने 26 जून को एक कार्टून पब्लिश किया था, जिसमें पैगंबर मुहम्मद और पैगंबर मूसा जैसे दिखने वाले दो शख्स को आसमान से गिरती मिसाइलों के बीच हवा में हाथ मिलाते हुए दिखाया गया था। इस कार्टून के सामने आने के बाद पूरे तुर्किये में लोगों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए लोगों ने इस्तांबुल में लेमन मैगजीन के ऑफिस के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने, जो एक इस्लामिक संगठन से जुड़े बताए जा रहे हैं, पत्रिका के दफ्तर पर पत्थरबाजी भी की। घटना के बाद तुर्किये के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने बयान जारी कर कहा कि यह प्रेस की आजादी या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है, बल्कि धार्मिक भावनाओं का अपमान है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्टून बनाने वाले कार्टूनिस्ट डोगन पहलवान को गिरफ्तार कल लिया है। इसके अलावा लेमन के चीफ एडिटर, मैनेजिंग एडिटर और ग्राफिक डिजाइनर की भी गिरफ्तारी हुई है। तुर्किये के न्याय मंत्री यिलमाज टुंक ने कहा



कि इस तरह के कार्टून धार्मिक भावनाओं और सामाजिक सौहार्द का अपमान करते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि कोई भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का बहाना बनाकर किसी धर्म के प्रतीकों का अपमान नहीं कर सकता। गृह मंत्री येरलिकाया ने कहा कि वे पैगंबर साहब का मजाक उड़ाने वाले इस शर्मनाक कार्टून की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकतें हमारे धार्मिक भावनाओं का अपमान करती हैं। मुसलमानों के दिल को ठेस पहुंचाती हैं। ये काम लोगों को भड़काने वाले हैं, और जो ऐसा करने की कोशिश करेंगे, उन्हें कानून के सामने जवाब देना होगा। उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया जिसमें कार्टूनिस्ट को हथकड़ी लगाकर सीढ़ियों पर ले जाया जा रहा है।

**लेमैन मैगजीन ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी :** तुर्किये में धर्मनिरपेक्ष कानून लागू है, लेकिन वहां पर किसी के धार्मिक मूल्यों का सार्वजनिक रूप से अपमान करने पर एक साल तक की जेल हो सकती है। हालांकि विवाद बढ़ने पर लेमैन मैगजीन ने सोशल मीडिया पर माफी जारी की और कहा कि कार्टून का मकसद इस्लाम का अपमान करना नहीं था। लेमैन मैगजीन ने दावा किया कि कार्टून का उद्देश्य इजराइली हमलों में मारे गए मुस्लिमों के दर्द को दिखाना था, न कि पैगंबर का मजाक उड़ाना। उन्होंने कहा कि 'मुहम्मद' नाम का इस्तेमाल इसलिए किया गया क्योंकि यह दुनिया भर में मुसलमानों में सबसे आम नाम है, और कार्टून में पैगंबर को चित्रित नहीं किया गया है। लेमैन मैगजीन ने आरोप लगाया कि कुछ लोग जानबूझकर कार्टून का गलत मतलब निकालकर इसे विवादित बना रहे हैं। चार्ली हेब्दो कार्टून विवाद में 12 लोगों की जान गई थी यह घटना लोगों को 2015 में पेरिस में हुए चार्ली हेब्दो हमले की याद दिला रही है, जब पैगंबर मुहम्मद के कार्टून को लेकर फ्रांस की चर्चित कार्टून मैगजीन के ऑफिस पर हमला हुआ था। इसमें संपादक समेत 12 लोगों की जान चली गई थी। कई लोग घायल भी हुए थे। चार्ली हेब्दो लंबे समय से अपने विवादास्पद और तीखे राजनीतिक-धार्मिक कार्टूनों के लिए जाना जाता था। इस मैगजीन ने पैगंबर मुहम्मद के कार्टून कई बार छापे थे, जिन्हें मुसलमानों ने अपमानजनक और भड़काऊ माना। कट्टरपंथियों ने इसे इस्लाम का अपमान बताया और इसका बदला लेने के लिए मैगजीन पर हमला किया।

## शेख हसीना को छह महीने जेल की सजा

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के मामले में छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। बांग्ला अखबार द डेली स्टार के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने बुधवार को यह सजा सुनाई। आईटीसी ने हसीना और एक स्थानीय नेता शकील बुलबुल के बीच हुई फोन बातचीत की जांच करने के बाद यह फैसला सुनाया। यह बातचीत पिछले साल सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी और कई अखबारों ने भी इसे छापा था। इस कथित ऑडियो क्लिप में शेख हसीना को यह कहते सुना गया कि उनके खिलाफ 227 मुकदमे दर्ज हैं, इसलिए उन्हें 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। पिछले साल 5 अगस्त को बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर विद्रोह के बाद शेख हसीना ने पद छोड़ दिया था और उसके तुरंत बाद भारत भाग गई थीं।

**हसीना के बांग्लादेश जाने पर सजा लागू होगी-** अदालत ने ऑडियो क्लिप में शेख हसीना की बातों बहुत गंभीर माना और कहा कि यह बयान अदालत का अपमान करने और न्याय को कमजोर करने की कोशिश है। बातचीत में शामिल बुलबुल को भी दो महीने जेल की सजा दी गई है। न्यायाधिकरण ने कहा कि सजा तभी लागू होगी जब हसीना और बुलबुल अदालत के सामने आत्मसमर्पण करेंगे या उन्हें पुलिस गिरफ्तार करेगी। अगर सजा लागू होती है, तो दोनों को गैर-कठोर यानी हल्की जेल की सजा भुगतनी होगी। मामले की सुनवाई इस साल 30 अप्रैल को तब शुरू हुई जब मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने अदालत में यह मामला रखा। उन्होंने कहा कि बातचीत में दी गई धमकियों का मकसद इंसाफ मांगने वाले पीड़ितों और गवाहों को डराना था। बाद में अदालत ने हसीना और बुलबुल को 25 मई तक सफाई देने को कहा, लेकिन दोनों न तो अदालत में पेश हुए और न ही कोई जवाब दिया। इसके बाद अदालत ने अखबारों में नोटिस छपवाया और 3 जून तक पेश होने का मौका दिया। मगर आज की सुनवाई तक भी हसीना न तो खुद आईं और न ही उनके वकील की तरफ से कोई जवाब आया। इस वजह से अदालत ने उनकी अनुपस्थिति में ही सजा सुना दी।

**11 महीने से भारत में रह रहीं शेख हसीना-** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। बांग्लादेश सरकार ने जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। वहीं बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

## पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से लगी सीमा को किया बंद

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने सुरक्षा खतरों के कारण अफगानिस्तान से लगने वाली एक प्रमुख सीमा को अगले आदेश तक बंद कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के सीनियर सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले और अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत में झड़पों के बाद गुलाम खान सीमा को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हमले के बाद उत्तरी वजीरिस्तान में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और सीमा गुलाम खान को अनिश्चित अवधि के लिए बंद कर दिया गया है। उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले में कम से कम 13 सुरक्षाकर्मी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए थे। अंतरिम अफगान सरकार के सीमा बलों के प्रवक्ता अबीदुल्ला फारूकी ने सीमा बंद किए जाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने इस कदम के लिए कोई स्पष्ट स्पष्टीकरण नहीं दिया है। फारूकी ने एक बयान में कहा, पाकिस्तानी अधिकारियों ने क्रॉसिंग पर वाहनों को केवल वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने का निर्देश दिया है। पाकिस्तान की ओर से गुलाम खान सीमा को बंद करने से अफगानिस्तान के लोगों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। यह सीमा खोस्त प्रांत में स्थित दोनों देशों के बीच व्यापार और आवागमन का अहम मार्ग है।

# सब धंधा बंद करके साउथ अफ्रीका ही लौटना पड़ेगा; डोनाल्ड ट्रंप की एलन मस्क को सबसे बड़ी धमकी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भरोसेमंद माने जाने वाले उद्योगपति एलन मस्क के भविष्य पर तलवार लटक रही है। ट्रंप ने उन्हें इशारों में धमकी दी है और कहा है कि उन्हें अपनी दुकान बंद करनी पड़ सकती है। चुनाव के बाद अमेरिकी प्रशासन में अहम जिम्मेदारी संभालने के बाद ट्रंप और मस्क के बीच रिश्ते तल्ख हो गए थे। इसकी वजह श्वङ्क यानी इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को लेकर नीति बताई जा रही है।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, राष्ट्रपति के तौर पर मेरा प्रचार करने से पहले एलन मस्क जानते थे कि मैं ईवी मेन्डेट के सख्त खिलाफ हूं। यह बकवास है और हमेशा मेरे प्रचार अभियान का हिस्सा रहा था। इलेक्ट्रिक कार ठीक हैं, लेकिन सभी को एक खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। एलन को इतिहास में किसी से भी यादा सब्सिडी मिल सकती थी और बगैर सब्सिडी के एलन को शायद अपनी दुकान बंद कर घर दक्षिण अफ्रीका लौटना पड़ सकता है।

उन्होंने आगे लिखा, कोई रॉकेट लॉन्च, सैटेलाइट्स या इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन नहीं और हमारे देश का काफी पैसा बचेगा। शायद डीओजीई को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। बहुत पैसा बचेगा।

**नई पार्टी बनाने के संकेत :** एक दिन पहले ही मस्क ने ट्रंप सरकार के बिल पर आपत्ति जताई थी और नई पार्टी बनाने के संकेत दिए थे। मस्क ने बताया कि पागलपन भरे विधेयक में



रिकॉर्ड पांच लाख करोड़ डॉलर की ऋण सीमा वृद्धि से आम अमेरिकियों को बहुत नुकसान होगा। उन्होंने लिखा, इस विधेयक के पागलपन भरे खर्च से यह स्पष्ट है जो ऋण सीमा को रिकॉर्ड पांच ट्रिलियन डॉलर (पांच लाख करोड़ डॉलर) तक बढ़ाता है कि हम एक पार्टी वाले देश में रहते हैं - पोर्की पिग पार्टी! एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का समय आ गया है जो वास्तव में लोगों की परवाह करती है। उन्होंने तर्क दिया कि यह विधेयक साबित करता है कि डेमोक्रेट और रिपब्लिकन एक ही पोर्की पिग पार्टी का हिस्सा हैं जो आम अमेरिकियों के हितों पर बेतहाशा खर्च को प्राथमिकता देती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के पूर्व समर्थक मस्क ने कहा कि नई राजनीतिक पार्टी उन अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व करेगी जो मौजूदा द्वि-पक्षीय प्रणाली से वंचित महसूस करते हैं। पहले भी दे चुके हैं धमकी खास बात है कि ट्रंप ने मस्क को ट्रुथ सोशल के जरिए ही अरबों को सरकारी कॉन्ट्रैक्ट और सब्सिडी खत्म करने की धमकी दी थी। इसके जवाब में मस्क ने एहसान भूलने का आरोप लगाया। मस्क ने कहा कि उनके समर्थन के बगैर ट्रंप चुनाव हार जाते। उन्होंने एक्स पर महाभियोग भी शुरू किया था और संकेत दिए थे कि नासा के इस्तेमाल में आ रहे स्पेस एक्स के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट को अलग कर लेंगे। खास बात है कि मस्क यह भी दावा कर चुके हैं ट्रंप का नाम एप्स्टीन फाइल्स में हैं। हालांकि, बाद में उन्होंने इन आरोपों का वापस ले लिया था।

## बोइंग के सीएफओ ब्रायन वेस्ट देंगे इस्तीफा, कहा- बैलेंस शीट मजबूत, जिम्मेदारी सौंपने का यह सही समय

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** विमान निर्माता कंपनी बोइंग में शीर्ष स्तर पर बड़ा बदलाव होने जा रहा है। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) ब्रायन वेस्ट अपने पद से इस्तीफा देंगे। वे 15 अगस्त को अपना पद छोड़ देंगे। उनकी जगह लॉकहीड मार्टिन कॉर्प के पूर्व कार्यकारी जीसस जे मालवे लेंगे। बोइंग ने कहा सीएफओ वेस्ट इस्तीफे के बाद सीईओ केल ऑर्टबर्ग के सलाहकार बने रहेंगे।

सीएफओ ब्रायन वेस्ट ने अपने पद छोड़ने की पुष्टि की और कहा कि यह जिम्मेदारी सौंपने का सही समय है। इस वक्त बैलेंसशीट बेहद मजबूत है, परिचालन प्रदर्शन बेहतर है। साथ ही संभावनाएं बेहद उत्साहजनक हैं। हम रिकवरी की दिशा में एक अच्छे, स्थिर और पूर्वानुमानित रास्ते पर हैं, जबकि हम बहुत ज्यादा जोर नहीं लगा रहे हैं। यह हमारी उम्मीद से थोड़ा बेहतर निकला है।

वेस्ट ने बोइंग को संकट से उबारा

सीएफओ ब्रायन वेस्ट ने बोइंग को संकट से उबारा है। पिछले साल बोइंग में



हड़ताल और विमान हादसे के बाद उत्पादन में गिरावट आ गई थी। इस वक्त वेस्ट ने पूंजी की कमी से निपटने और जंक स्टेट्स में संभावित रेटिंग डाउनग्रेड से कंपनी को बचाया था। वेस्ट ने बोइंग के नकद भंडार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 24 बिलियन डॉलर की इक्विटी बिक्री की थी, जो किसी सार्वजनिक कंपनी के लिए रिकॉर्ड के करीब है। उन्होंने इस साल जेप्पेसेन इकाई और अन्य डिजिटल परिसंपत्तियों की 10.6 बिलियन डॉलर की नीलामी की देखरेख करके अपने भंडार में इजाफा किया। इसके साथ ही वेस्ट ने ऋण और इक्विटी जुटाकर 44 बिलियन डॉलर से अधिक की बैलेंस शीट तैयार की थी।

**ऑर्टबर्ग और मालवे ने साथ काम किया :** बोइंग में पिछले साल केली ऑर्टबर्ग ने सीईओ के तौर पर काम संभाला था। नए सीएफओ जीसस जे मालवे पहले भी साथ काम कर चुके हैं। यूनाइटेड टेक्नोलॉजीज कॉर्पोरेशन में ऑर्टबर्ग कोलिन्स एयरोस्पेस डिवीजन का संचालन करते थे। जबकि मालवे यहां पर कैरियर डिवीजन के उपाध्यक्ष और सीएफओ थे। मालवे बोइंग की वित्तीय रणनीति, लंबी अवधि की व्यावसायिक योजना, निवेशक संबंध, ट्रेजरी, नियंत्रक और लेखा परीक्षा संचालन के साथ-साथ वैश्विक रियल एस्टेट होल्डिंग्स के लिए जिम्मेदार इकाई के नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालेंगे। वह ऑर्टबर्ग को रिपोर्ट करेंगे और कंपनी की कार्यकारी परिषद में काम करेंगे।

## इजरायली प्रधानमंत्री 7 जुलाई को जाएंगे अमेरिका, गाजा में सीजफायर को लेकर हो सकती है बात

**यरुशलम , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सात जुलाई को व्हाइट हाउस में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करने जा रहे हैं। व्हाइट हाउस ने द इजरायल टाइम्स से इसकी पुष्टि की है। ट्रंप गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए अपनी कोशिशें तेज कर रहे हैं। जनवरी 2025 में डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में वापस लौटे थे, जिसके बाद यह नेतन्याहू की व्हाइट हाउस की तीसरी यात्रा होगी। यह मुलाकात गाजा में युद्ध विराम और ईरान की क्षेत्रीय गतिविधियों और राजनायिक संबंधों के विस्तार पर केंद्रित होगी।

व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने सोमवार को बताया कि ट्रंप और प्रशासन के अधिकारी इजरायली नेतृत्व के साथ लगातार संपर्क में हैं। गाजा संघर्ष को समाप्त करना राष्ट्रपति ट्रंप की प्राथमिकता है। लेविट ने कहा, इस युद्ध के दौरान इजरायल और गाजा, दोनों से जिस तरह की तस्वीरें सामने आई हैं, वह दिल दहला देने वाली हैं। राष्ट्रपति इसे खत्म होते देखना चाहते हैं। वह लोगों की जान बचाना चाहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में संघर्ष को खत्म करने पर नए सिरे से फोकस करने का संकेत देते हुए शुक्रवार को पत्रकारों से गाजा में अगले हफ्ते तक युद्धविराम की संभावना जताई थी।

नेतन्याहू की अमेरिकी यात्रा ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी पर अमेरिकी हमले के बाद हो रही है।



उस समय ट्रंप ने इजरायल-ईरान के बीच युद्धविराम कराने का दावा किया था। स्ट्रैटेजिक अफेयर्स मिनिस्टर रॉन डेरमर फिलहाल अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक के लिए वाशिंगटन में हैं। नेतन्याहू ने गाजा युद्धविराम वार्ता के संबंध में दूसरी बैठक के लिए सोमवार शाम को अपने शीर्ष सहयोगियों और मंत्रियों को बुलाया है। इसमें शामिल मंत्रियों में से एक के कार्यालय ने बताया है कि ग्रुप एक रात पहले हुए टकराव के बाद भी गाजा में युद्ध के भविष्य पर किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाया है।

# हिंदू युवती से दुष्कर्म मामले में बांग्लादेश में तेज विरोध

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के कुमिल्ला के मुरादनगर में 26 जून 2025 को 21 वर्षीय हिंदू युवती के साथ हुई दुष्कर्म की घटना को लेकर देशभर में प्रदर्शन और सियासत तेज हो गई है। एक ओर जहां हिंदू संगठनों और मानवाधिकार संगठनों ने देशभर के कई शहरों में उग्र प्रदर्शन किया। उधर, राजनीतिक दलों में इस घटना पर विवाद छिड़ गया। पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग और पूर्व पीएम खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने आरोपी फजोर अली को एक-दूसरे का नेता बताकर आरोप लगाए। जमात-ए-इस्लामी ने भी इस मामले में बीएनपी को निशाना बनाया। पहले बांग्लादेश पुलिस और यूनुस समर्थकों ने इस मामले को एक्सट्रामैरिटल अफेयर बताने की कोशिश की। वहीं, कुमिल्ला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एकेएम कमरुज्जमां ने जांच में इसे क्रूर यातना का मामला बताया। उन्होंने कहा कि पीड़ित सरल स्वभाव की है और एक्सट्रामैरिटल अफेयर का कोई सबूत नहीं मिला। इसके बाद अल्पसंख्यक समुदाय में गुस्सा फैल गया। ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों ने रात में विरोध मार्च निकाला। सात जिलों में हिंदू समुदाय ने मानव श्रृंखला बनाकर न्याय की मांग की।

**कोर्ट ने घटना का वीडियो हटाने के आदेश दिए :** हाईकोर्ट ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए पीड़ित की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया। जस्टिस फहमिदा कादर और जस्टिस सैयद जाहिद मंसूर की बेंच ने रविवार को एक रिट याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के बाद यह निर्देश जारी किया। कोर्ट ने सभी सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म



से पीड़ित के वीडियो और तस्वीरें 24 घंटे के भीतर हटाने का आदेश दिया। पीड़ित को चिकित्सा और सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। ढाका यूनिवर्सिटी में जगन्नाथ हॉल के छात्रों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मांग हैं...दुष्कर्म के मुख्य आरोपी फजोर अली और उसके साथियों को तुरंत सजा मिले और बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के केस चलाया जाए। यह घटना बीएनपीके लिए राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा बन गई है, क्योंकि मुख्य आरोपी फजोर अली को पार्टी का नेता बताया गया है। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की, लेकिन पार्टी ने यह कहकर दूरी बनाई कि फजोर अली का उनके किसी समिति से कोई संबंध नहीं है।

# हेडिंग्ले में दो शतक लगाकर रैंकिंग में छठे नंबर पर पहुंचे ऋषभ पंत, टॉप से अभी बेहद दूर

**दुबई (एजेंसी)।** हेडिंग्ले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। पंत ने इस टेस्ट में 134 और 118 रनों की पारियां खेली थीं, जिससे रैंकिंग में उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ। हालांकि यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नहीं है। उन्होंने 2022 में टेस्ट रैंकिंग में पांचवां स्थान हासिल किया था। पंत के अब कुल 801 रेटिंग अंक हो गए हैं, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग अंक है। हालांकि वह अब भी नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज जो रूट से 88 अंक पीछे हैं।

रूट ने हेडिंग्ले में पहली पारी में 28 और दूसरी पारी में नाबाद 53 रन बनाए थे। पिछले मैच में शतक लगाने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज़ बेन डकेट करियर की सर्वश्रेष्ठ 787 रेटिंग अंक के साथ आठवें स्थान पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस टेस्ट में दोनों पारियों में अर्धशतक लगाकर तीन स्थान की छलांग लगाई और वह अब शीर्ष-10 में हैं।

हेड ने पहली पारी में 59 और दूसरी पारी में 61 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई थी। हेडिंग्ले में पांच विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के जॉश हेजलवुड ने बारबाडोस टेस्ट की दूसरी पारी में 43 रन देकर 5 विकेट झटके थे। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए।

वेस्टइंडीज के जेडन सील्स ने पहली पारी में 60 रन देकर 5 विकेट लिए थे। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स की टेस्ट रैंकिंग में रवींद्र जडेजा शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और कॉर्बिन बॉश ने जिम्बाब्वे के ख़िलाफ बुलावायो टेस्ट में गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन कर ऑलराउंडर्स की रैंकिंग के शीर्ष-20 में प्रवेश कर लिया है।




# क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता शनिवार को होगी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता इसी सप्ताह शनिवार को बेंगलुरु में होगी। श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे। इससे पहले ये प्रतियोगित 24 मई को होनी थी पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण स्थागित कर दिया गया था। ये पहली बार है जब भारत में किसी अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ से भी मंजूरी मिली हुई है। इस टूर्नामेंट में देश विदेश के कुल 12 खिलाड़ी होंगे शामिल होंगे। इस टूर्नामेंट में नीरज चोपड़ा समेत पांच भारतीय सचिन यादव, किशोर जेना, रोहित यादव और साहिल सिलवाल शामिल होंगे। वहीं विदेश के सात सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेड के एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ग विजेता थॉमस रोहलर, कीनिया के 2015 के वर्ल्ड चैंपियन जूलियस येगो, अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन, जापान के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जेनकी डीन, श्रीलंका के रुमेश पथिरेज और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा शामिल हैं। इस प्रतियोगिता के लिए टिकट की कीमत 199 रुपये से लेकर 9,999 रुपये तक होगी। इसके अलावा 15 व्यक्तियों के लिए पांच कॉर्पोरेट बॉक्स 44,999 रुपये में उपलब्ध हैं। वहीं थ्रोअर रनवे के पास एक विशेष स्टैंड की कीमत 9,999 रुपये है, जबकि रनवे के ठीक पीछे स्थित नॉर्थ अपर स्टैंड में एक और विशेष स्टैंड 2,999 रुपये में है।

# टी20 विश्वकप के लिए 13 टीमें तय हुईं

**–बचे हुए 22 स्थानों के लिए 22 टीमों में होगा मुकाबला**

**मुम्बई (एजेंसी)।** अगले साल की शुरुआत में संयुक्त रुप से भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अभी तक 13 टीमें तय हो गयी हैं जबकि बचे हुए सात स्थानों के लिए 22 टीमों के बीच मुकाबला होना है। इस टूर्नामेंट में कुल 20 टीमों को खेलने का अवसर मिलेगा। हैं। इनमें से मेजबान भारत और श्रीलंका सहित कुल 13 टीमें घोषित को गयी हैं जबकि सात और टीमों की घोषणा इस साल अक्टूबर तक होगी। कनाडा की टीम ने इसके लिए क्वालीफाई कर लिया है जबकि यूरोप क्वालीफायर्स के जरिए दो टीमों पर फैसला होगा। ये टूर्नामेंट भी पिछले टूर्नामेंट के प्रारुप के अनुसार ही होगा। जिसके तहत पहले 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा। इसके बाद सुपर 8 के मुकाबले होंगे और फिर सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे। मेजबान के रूप में भारत और श्रीलंका को पहले दो स्थान मिले हैं। उसके बाद अगले 10 स्थानों का पिछले संस्करण में सुपर आठ क्वालीफायर और 30 जून 2024 की कट-ऑफ डेट पर टीम रैंकिंग के आधार पर हुआ। पिछले टी20 विश्व कप 2024 में सुपर 8 में प्रवेश के कारण अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज को 2026 टी20 विश्व कप में जगह मिली। अमेरिका ने भी टॉप 8 में पाकिस्तान को हराकर प्रवेश किया था। सुपर 8 में नहीं पहुंचने के बाद भी पाक ने न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ अपनी टी20द्व रैंकिंग के आधार पर अगले संस्करण में अपना स्थान तय किस है।

अब तक भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कनाडा, इंग्लैंड, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज ने इसके लिए प्रवेश हासिल किया है। इन टीमों के अलावा सात और टीमें इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। एक तरह से देखा जाए तो 22 टीमों में बाकी के सात स्थानों के लिए मुकाबला होगा। एशिया और पूर्वी एशिया पेसिफिक रीजन से तीन टीमें प्रवेश करेंगी, जबकि दो-दो टीमें यूरोप क्वालीफायर और अफ्रीका क्वालीफायर से आएंगी। एशिया-ईस्ट एशिया पेसेफिक रीजन से जापान, कुवैत, मलेशिया, नेपाल, ओमान, पापुआ न्यू गिनी, कतर, समोआ और यूएई की टीमें क्वालीफायर्स खेलेंगी और इनमें से तीन टीमें सीधे टूर्नामेंट में प्रवेश करेंगी। वहीं, यूरोप क्वालीफायर्स में इटली, जर्सी, ग्वेर्नसे, नीदरलैंड और स्कॉटलैंड की टीम खेलेगी। इनमें से दो टीमें टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को लगा एक और झटका, बीसीसीआई ने आरसीबी और केएससीए को भेजा नोटिस

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के लोकपाल और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ने IPL फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB) और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (KSCA) को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 4 जून को हुई भगदड़ के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया जिसमें कई लोग घायल हो गए और 11 लोगों की मौत हो गई।

यह कदम विकाश कुमार विकास द्वारा 12 जून को दर्ज की गई एक औपचारिक शिकायत के जवाब में उठाया गया है जिसमें स्टेडियम में टिकट बिक्री कार्यक्रम के दौरान RCB फ्रेंचाइजी द्वारा बड़ी लापरवाही और सुरक्षा प्रोटोकॉल के उल्लंघन का आरोप है। शिकायत में दावा किया गया है कि अपर्याप्त भीड़ प्रबंधन, स्थानीय अधिकारियों के साथ बातचीत की कमी और खराब सुरक्षा व्यवस्था के कारण भगदड़ हुई।

विकास ने अपनी शिकायत में जवाबदेही की विफलताओं का हवाला देते हुए RCB फ्रेंचाइजी को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। उन्होंने BCCI से फ्रेंचाइजी से जुड़ी किसी भी बिक्री वार्ता पर रोक लगाने का भी आग्रह किया है, यह तर्क देते हुए कि मालिक दायित्व से बचने के लिए टीम को बेचने का प्रयास कर सकते हैं। घटना की गंभीरता और जिम्मेदारी का पता लगाने की आवश्यकता का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति मिश्रा ने KSCA और RCB दोनों को शिकायतकर्ता को प्रतियों के साथ चार सप्ताह के भीतर शिकायत पर लिखित जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

लोकपाल ने शिकायतकर्ता को उसके बाद जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन की अवधि भी दी। उन्होंने आगे निर्देश दिया है कि फ्रेंचाइजी के स्वामित्व के संबंध में यथास्थिति बनाए रखी जाए




और मांगी गई अंतरिम राहत पर नोटिस जारी किया जाए। स्टेडियम के बाहर अराजक दृश्य देखे गए, जहां कथित तौर पर हजारों प्रशंसक RCB की खिताबी जीत का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए थे।

सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में प्रशंसकों को बैरिकेड तोड़ते हुए दिखाया गया जिसमें कई लोग गर्मी और भीड़ के दबाव के कारण बेहोश हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि सुरक्षा कर्मियों और चिकित्सा सहायता की भारी कमी थी, और इस बात पर सवाल उठाए गए कि कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन टिकटिंग को प्राथमिकता क्यों नहीं दी गई। RCB फ्रेंचाइजी ने कथित तौर पर बेंगलुरु पुलिस के साथ प्रभावी ढंग से समन्वय नहीं किया था, जिसने कथित तौर पर आयोजकों को भीड़भाड़ के संभावित जोखिम के बारे में पहले ही चेतावनी दे दी थी।

KSCA ने भीड़ नियंत्रण उपायों पर आंतरिक रूप से चिंता जताई थी, लेकिन प्रचार और टिकटिंग के प्रभारी फ्रेंचाइजी अधिकारियों ने इसे खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति मिश्रा ने शिकायत और मीडिया रिपोर्टों पर ध्यान देते हुए इस आशंका पर चिंता व्यक्त की कि फ्रेंचाइजी स्वामित्व हस्तांतरण कार्यवाही में तेजी लाकर खुद को परिणामों से दूर रखने का प्रयास कर सकती है।

लोकपाल ने यह स्पष्ट किया कि जवाबदेही को दरकिनार नहीं किया जा सकता है और सभी पक्षों को ऐसी किसी भी गतिविधि से दूर रहने का आदेश दिया है जो शिकायत की स्थिति को प्रभावित कर सकती है। भगदड़ के कारण राज्य में फ्रेंचाइजी और क्रिकेट अधिकारियों दोनों की सार्वजनिक आलोचना हुई है। नागरिक समाज समूहों और प्रशंसक संघों ने क्रिकेट आयोजनों के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए पारदर्शी जांच और सख्त सुरक्षा मानदंडों की मांग की है। लोकपाल द्वारा औपचारिक कार्यवाही शुरू करने के साथ अब ध्यान KSCA और RCB की प्रतिक्रियाओं और इंडियन प्रीमियर लीग में फ्रेंचाइजी के भविष्य के संभावित परिणामों पर केंद्रित है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरा टी20 भी जीता , इंग्लैंड को 24 रनों से हराया

लंदन(एजेंसी) । जेमिमा रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे टी20 मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड को 24 रनों से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त ले ली है। भारतीय टीम ने पहला मैच भी 97 रनों से जीता था। इस मैच में टॉस जीतकर इंग्लैंड की टीम ने भारतीय टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी इस मैच से वापसी की पर वह रन बनाने में विफल रहीं। टीम ने 31 रन देकर 3 विकेट खो दिए थे पर इसके बाद अनुभवी बल्लेबाज जेमिमा रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अच्छी बल्लेबाजी कर स्कोर आगे बढ़ाया। जेमिमा ने 9 चौके और एक छक्का लगाकर 41 गेंदों में 63 रन बना दिये जबकि अमनजोत ने 40 गेंदों में 9 चौकों की सहायता से 63 रन बनाये।



ऋचा घोष ने 20 गेंदों में 32 रन बनाए। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 181 रन बनाये। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने दो जबकि लॉरेन फिलर और एम अरलॉट से एक-एक विकेट लिया। इसके बाद इंग्लैंड की टीम 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 157 रन ही बना पायी इस प्रकार उसे 24 रनों से हार का सामना करना पड़ा। टैम ब्यूमोंट ने 54 जबकि एमी जोन्स ने 32 रन बनाये पर अन्य बल्लेबाज असफल रहीं। भारतीय टीम की ओर से श्री चरणी ने दो विकेट जबकि दीप्ती व अमनजोत ने एक-एक विकेट लिया।

# जिस भी खिलाड़ी पर यौन शोषण के आरोप हैं उसकी जांच हो : सैमी



बारबाडोस । वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कोच डैरेन सैमी ने कहा है कि टीम के जिस भी खिलाड़ी पर यौन शोषण के आरोप हैं उसकी जांच की जाये पर कहा कि इसमें सही कानूनी प्रक्रिया का पालन होना चाहिये। इससे पहले गयाना के एक अखबार की रिपोर्ट में कहा गया था कि टीम के एक क्रिकेटर पर 11 युवतियों ने शोषण के आरोप लगाये हैं पर इस मामले में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। सैमी ने कहा कि ये स्थित गंभीर है पर इसमें कानूनी प्रक्रियाओं का सम्मान होना चाहिये। पूर्व कप्तान सैमी ने कहा, ''मीडिया में जो कुछ आ रहा है, वह हम सभी को पता है। मैं अपने खिलाड़ियों के बहुत करीब हूं। मैंने उनसे बातचीत की है। एक बात मैं कह सकता हूं कि हम न्याय में विश्वास करते हैं। हमारा भी मानता है कि न्याय होना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि, इसकी एक तय प्रक्रिया होती है। आरोप लगाए गए हैं और हम जांच में अपनी तरफ से सभी प्रकार से सहायेग करेंगे, जिससे उचित प्रक्रिया और सही प्रणाली का पालन तय किया जा सके।'' सैमी ने कहा कि किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले कानून को अपना काम करने देना चाहिए। उन्होंने कहा, ''ये आरोप हैं। हम न्याय प्रणाली को जानते हैं। आपको प्रक्रिया के लिए इंतजार करना होगा। मैं कोई न्यायाधीश नहीं हूं। जो जानकारी सामने आई है, वही हमारे पास है। मुझे पूरा भरोसा है कि अंत में न्याय होगा।''

# जसप्रीत बुमराह को रेस्ट देने पर भड़के रवि शास्त्री, गिल-गंभीर को जमकर सुनाया

**लंदन (एजेंसी)।** बुधवार को भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में तीन बदलाव किए हैं। शार्दुल ठाकुर, साई सुदर्शन को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा गया है, जबकि जसप्रीत बुमराह को रेस्ट दिया गया है। जसप्रीत बुमराह की जगह आकाशदीप को टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री बुमराह के ना होने से हैरान हैं। उन्होंने कहा कि कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर ये सुनिश्चित करना चाहिए था कि बुमराह दूसरे टेस्ट में खेलें, क्योंकि दोनों मैचों के बीच लगभग एक सप्ताह का अंतर था।

बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के कारण बुधवार से शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में




आराम दिया गया। वह लीड्स में पहले टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें भारत पांच विकेट से हार गया था। ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। साई सुदर्शन और शार्दुल ठाकुर को टीम में नहीं चुना गया है।

रवि शास्त्री ने कहा कि, इसको खेलो इसे 1-1 से बराबरी पर लाओ और फिर उन्हें विकल्प दो। आप लॉर्ड्स में आराम देना चाहते हो, वहां दो। आप सोचते हैं कि वह लॉर्ड्स में रेस्ट करेगा? कोई मौका नहीं है अगर आप ये जीतते हैं, अगर आप भारत के नजरिए से देखें तो ये बहुत ही अहम टेस्ट मैच बन जाता है। आप न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैच हारे, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन हारे और यहां पहला मैच गंवाया है और आप जीते के रास्ते पर आना चाहते हैं। आपके पास दुनिया का सबसे अच्छा तेज गेंदबाज है और आप उसे सात दिन के आराम के बाद बाहर बैठा देते हैं, इस पर विश्वास करना बहुत कठिन है।

# साक्षी, जैस्मिन और लक्ष्य विश्व मुक्केबाजी कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे




अस्ताना । भारतीय मुक्केबाजों साक्षी, जैस्मिन, मीनाक्षी और लक्ष्य चाहर व मनीष राठौर ने कजाकिस्तान में जारी विश्व मुक्केबाजी कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 54 किग्रा भार वर्ग में साक्षी ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड की चार्ली डेविसन को 5-0 से हराया। साक्षी के अलावा जैस्मिन ने 57 किग्रा वर्ग में अजरबैजान की अयनुर मिकायिलोवा को 5-0 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। महिलाओं के ही वर्ग में भारत की मीनाक्षी ने लाइट-फ्लाईवेट श्रेणी में ऑस्ट्रेलिया की मैडेलीन बोवेन को 5-0 से पराजित किया जबकि मुस्कान ने मिडिलवेट श्रेणी में इंग्लैंड की केरी डेविस को करीबी मुकाबले में 3-2 से हराकर अगले दौर में जगह बनायी है। दूसरी ओर पुरुष वर्ग में भारत के लक्ष्य ने 80 किग्रा वर्ग में बुल्गारिया के विलियम चोलोव को 4 -1 से हराया। वहीं भारत के ही मनीष राठौर को 55 किग्रा वर्ग में जापान के रुई यामागुची के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। साक्षी, लक्ष्य और जैस्मिन अब सचिन सिवाच, हितेश गुलिया, मुस्कान, मीनाक्षी और संजू के साथ अगले दौर में पहुंच गये हैं। इससे पहले हितेश और सचिन सिवाच ने अपने मुकाबलों में आसानी से जीत हासिल की थी।

# धवन बोले शुभमन, ईशान के आने से अपना करियर समाप्त होने का अंदाजा हुआ

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि शुभमन गिल और ईशान किशन के आने के बाद ही उन्हें अपने करियर के समाप्त होने का अंदाज हो गया था। इसका कारण है कि शुभगन सभी प्रारुपों में अच्छा कर रहे थे। वहीं ईशान ने एक दौहरा शतक भी लगा दिया था। जब प्रदर्शन कमजोर हो गया तब उन्हें समझ आ गया कि अब उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी। धवन ने साल 2013 में मोहाली की पिच पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 85 गेंदों में शतक लगाकर टेस्ट डेब्यू में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाया था। उनकी 187 रन की आक्रामक पारी सबसे आकर्षण का केन्द्र रही। 33 टेस्ट में कई अच्छी पारियां खेलने के बाद भी धवन का टेस्ट करियर ज्यादा समय नहीं चला। साल 2018 की इंग्लैंड सीरीज के बाद उन्हें टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया। इस क्रिकेटर के अनुसार उसने प्रयास किया पर तब वह अपने सर्वश्रेष्ठ दौर में नहीं थे। वहीं जब वह अपने करियर को देखते हैं तो उन्हें काई पछतावा नहीं होता। साथ ही कहा कि मैं पीछे देखता हूं तो खुश हूं कि मैंने जो हासिल किया, वो किसी सपने से कम नहीं हैं। धवन को टी-20 विश्व कप 2021 में जगह नहीं मिली पर वह समझ गये थे कि अब बदलाव तय है। इस क्रिकेटर ने कहा कि मैंने किसी को फोन नहीं किया क्योंकि मैं जानता था, हर किसी की अपनी सोच होती है और बात करने से कुछ नहीं होगा। साल 2013 चैंपियंस ट्रॉफी से लेकर 2022 तक धवन भारतीय एकदिवसीय टीम के सलामी बल्लेबाज रहे। वहीं साल. 2015 विश्व कप, 2017 चैंपियंस ट्रॉफी सहित कई अवसरों पर इस क्रिकेटर ने सबसे ज्यादा रन बनाए। रोहित के साथ उनकी जोड़ी काफी अच्छी रही पर उन्हें 2023 एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिली क्योंकि तब शुभमन काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे।



# शमी को हर माह पत्नी व बेटी को देने होंगे चार लाख रुपये : हाईकोर्ट

कोलकाता । कोलकाता हाईकोर्ट ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी को हर माह अपनी पत्नी हसीन जहां व बेटी आयरा को गुजारा भत्ता के तौर पर चार लाख रुपये देने के निर्देश दिये हैं। निर्देश के तहत शमी को पत्नी को डेढ़ लाख और बेटी को ढाई लाख हर महीने खर्चे के लिए देने होंगे। हाईकोर्ट की बेंच ने हसीन जहां की एक याचिका पर सुनवाई के बाद ये आदेश पारित किया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता पत्नी को 1.5 लाख रुपये प्रति माह और बेटी को 2.5 लाख रुपये प्रति माह दे। अदालत ने यह भी कहा कि शमी अपनी बेटी के लिए निर्धारित राशि से अधिक शिक्षा या अन्य खर्चों के लिए दे सकते हैं। इससे पहले हसीन जहां ने जिला सत्र न्यायालय के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी, जिसमें शमी को 2023 में अपनी पत्नी को 50 हजार रुपये और बेटी को 80 हजार रुपये देने का निर्देश दिया गया था। वहीं हसीन ने अदालत से अपने लिए 7 लाख रुपये और अपनी बेटी के लिए 3 लाख रुपये प्रति माह का मुआवजा मांगा था। हसीन साल 2014 में शमी से शादी से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए मॉडल और चीयरलीडर रही हैं। उनकी बेटी आयरा का जन्म 2015 में हुआ था। हसीन ने शमी पर साल 2018 में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। तभी से दोनो के बीच मामला अदालत में चल रहा है। इन दोनो का अभी तक कानूनी रूप से तलाक नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि शमी ने अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए पैसे देना बंद कर दिया था।



# छह साल की उम्र में थामा बैडमिंटन, अब जूनियर वर्ल्ड नंबर 1 बनीं भारत की तन्वी शर्मा

**स्पोर्ट्स डेस्क।** पंजाब की गोल्डन गर्ल तन्वी शर्मा बैडमिंटन में जूनियर वर्ल्ड नंबर 1 बन गई हैं। तन्वी हाल ही में बीडब्लूएफ सुपर 300 यूएस ओपन 2025 में महिला एकल वर्ग में उपविजेता रहीं थी। महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा को शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करते हुए रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

विश्व में 66वें स्थान पर काबिज यह युवा भारतीय शटलर जूनियर विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी बन गई है और विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल हो गई है। उसने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 में अपने अभियान से वैश्विक बैडमिंटन समुदाय को चकित किया जिसमें विश्व की 23वें नंबर की खिलाड़ी सहित कई उच्च रैंक वाली प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में प्रवेश करना शामिल था।

तन्वी अगले महीने होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में पदक जीतने का लक्ष्य रखकर चल रही है। वह अब गुवाहाटी में भारतीय बैडमिंटन टीम के शिविर में शामिल होगी। टीम अगले महीने इंडोनेशिया में होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेगी।

### छह साल की उम्र में शुरु किया खेलना, मां ने निखारा

तन्वी ने 6 साल की छोटी सी उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था। शुरू से से ही प्रतिभाशाली रही तन्वी ने प्रतिष्ठित पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में चार साल से अधिक समय तक प्रशिक्षण लिया। इस दौरान उसने भारत के कुछ शीर्ष शटलरों के साथ ट्रेनिंग ली जिसने उनके कौशल को निखारा। इस दौरान तन्वी की मां ने भी बेटी के साथ कड़ी मेहनत की और शुरू में उसके खेल को आकार देने और उसकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





# सरदार जी 3 विवाद पर आदित्य नारायण ने रखी राय

सिंगर आदित्य नारायण ने दिलजीत दोसांझ और उनकी फिल्म सरदार जी 3 के चल रहे विवाद पर अपनी राय दी है। आदित्य ने कहा कि भारत एक सहनशील देश है, लेकिन इसकी भी एक सीमा होती है। आदित्य ने कहा, मुझे नहीं पता मैं क्या कहूं या ना कहूं। मैं देशभक्त हूं। मेरे लिए हमेशा देश पहले है। सामने वाला देश (पाकिस्तान)... ये उनकी आदत है (आतंकवाद को समर्थन देने की)। हम भारतीय प्यार और एकता का संदेश फैलाते हैं। हम वसुधैव कुटुंबकम् में भरोसा करते हैं, लेकिन हम कब तक सहन करें? जो गलत है वो गलत है। समय सही नहीं है। अत्याचार हर भारतीय के दिमाग में ताजा हैं।

आदित्य ने आगे कहा, हमेशा कोशिश की कि दोनों देशों को करीब लाएं, चाहे खेल हो, म्यूजिक या फिल्म। पर सामने वाले की भी जिम्मेदारी होती है। ताली दोनों हाथ से बजती है। अब वक्त है कि हम देश के लिए स्टैंड लें। बहुत हो गया। थोड़ा सा सामने वाले से प्यार मिले तो हम सोचें। अब हमें भी प्यार चाहिए। आदित्य बोले- रिश्ते कभी अच्छे ही नहीं थे आदित्य ने कहा कि यह कहना मुश्किल है कि दिलजीत दोसांझ का फैसला सही है या गलत। उन्होंने कहा, जब इसकी कास्टिंग हुई होगी तब रिश्ते इतने खराब नहीं थे, लेकिन अगर देखें तो रिश्ते कभी अच्छे थे ही नहीं। हालात जटिल हैं, लेकिन देश पहले है। यही मेरा देश है। यही मेरी धरती है।

आदित्य बोले- मैं देश को पहले रखता और उम्मीद नहीं करता जब आदित्य से पूछा गया अगर वो दिलजीत की जगह होते, तो क्या करते? तो आदित्य बोले, मैं देश को पहले रखता। मैं किसी से कुछ उम्मीद नहीं करता। मैं उनके काम पर कुछ नहीं कहूंगा, लेकिन अगर मैं होता तो देश पहले रखता। हर भारतीय ऐसा करेगा। हम इंडिया से प्यार करते हैं। इंडिया में रहने वाले लोग इंडिया से प्यार करते हैं। इंडिया में ना रहने वाले भी इंडिया से प्यार करते हैं। हमारा देश इतना प्यारा है, हमारे साथ ऐसा क्यों किया जाता है? आदित्य ने आगे ये भी कहा, बस सुधार कीजिए। ये बहुत सेंसिटिव टॉपिक है। हर बात इंटरनेट पर ट्रोल होती है, लेकिन यही मेरी सोच है। हम हमेशा मेहमान नवाज और सहयोगी रहे हैं। अभी भी हैं। प्यार हमारा संदेश है, लेकिन सहनशीलता की भी सीमा है।



# कॉमेडी में सही टाइमिंग के लिए लगातार मेहनत कर रही हैं रूही सिंह

एक्ट्रेस रूही सिंह अपनी आने वाली फिल्म मस्ती 4 में लीड रोल में नजर आएंगी। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए इस फिल्म के निर्देशक मिलाप जावेरी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मिलाप जावेरी बेहतर तरीके से जानते हैं कि जनता को क्या पसंद आता है। साथ ही बताया कि वह दर्शकों को हंसाने के लिए कॉमेडी टाइमिंग को लेकर कड़ी मेहनत कर रही हैं।

एक्ट्रेस ने कहा, वह शुरू से ही मस्ती फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। वह मस्ती की खासियत और आम लोगों को क्या पसंद आता है, ये अच्छी तरह समझते हैं। मैं उनके निर्देशन के लिए बहुत उत्साहित हूं। वह दर्शकों को अच्छी तरह समझते हैं और उनकी पसंद के हिसाब से फिल्म बनाते हैं। उनसे पूछा कि जब उन्हें यह फिल्म ऑफर हुई तो उनकी प्रतिक्रिया क्या थी? इस पर एक्ट्रेस ने कहा, जब मुझे मस्ती 4 का ऑफर मिला, तो मैंने उसके लिए तुरंत हामी भर ली। मस्ती एक बड़ी और प्रसिद्ध फिल्म सीरीज है जिसकी अपनी एक पहचान है, और उसका हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हुई। यह फिल्म एक शानदार कलाकारों की टीम, एक ऐसा निर्देशक जो फिल्म और दर्शकों को समझता है, और जिसमें मजाक-मस्ती मुख्य बात है, ये सब मिलकर फिल्म को बहुत मजेदार बनाते हैं। कुल मिलाकर, यह मेरे लिए एक बेहतरीन मौका है। उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है कि मैंने अपने दोस्तों के साथ ग्रैंड मस्ती देखी थी और हम बहुत जोर-जोर से हंसे थे। कॉमेडी करना मुश्किल होता है। कॉमेडी में सही टाइमिंग पकड़ना उनके लिए कितना मुश्किल है? इस सवाल पर रुही ने कहा, मुझे खुद पर हंसने में कोई डर नहीं लगता। मैं अपनी निजी जिंदगी में मजाकिया और हंसमुख हूं। मैं जानती हूं कि कॉमेडी करना सबसे मुश्किल होता है, इसलिए मैं खुद पर काम कर रही हूं। मैं बहुत सारी कॉमेडी फिल्में देख रही हूं, खासकर राजपाल यादव और परेश रावल की फिल्में। साथ ही, मैं अपने एक्टिंग टीचर के साथ लगातार अभ्यास कर रही हूं ताकि कॉमेडी की सही टाइमिंग समझ सकूं।



# दीपिका पादुकोण ने की ब्रैड पिट की फिल्म एफ1 की प्रशंसा

**ब्रैड पिट हॉलीवुड फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में अभिनेता की फिल्म एफ1 भारतीय सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है, जिसे दर्शक पसंद कर रहे हैं। साथ ही फिल्म को अच्छी प्रतिक्रियाएं भी मिल रही हैं। इसी कड़ी में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री ने ब्रैड पिट की तारीफ की है और एक पोस्ट शेयर किया है। आइए जानते हैं एक्ट्रेस ने क्या कहा।**

## क्या बोलीं दीपिका पादुकोण?

ब्रैड पिट अभिनीत एफ 1 27 जून को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह एक रेसिंग फिल्म है, जिसे स्पोर्ट्स प्रेमी पसंद कर रहे हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है, जिसमें उन्हें ब्रैड पिट की फिल्म की प्रशंसा करते देखा जा सकता है। अभिनेत्री ने लिखा कि शानदार ब्रैट पिट, क्या फिल्म है। हालांकि, आपको बताते चलें कि ये पोस्ट दीपिका पादुकोण ने कुछ अलग अंदाज में किया है।

## एफ 1 फिल्म के बारे में

जोसेफ कोसिंस्की द्वारा निर्देशित एफ1 में ब्रैड पिट के साथ डैमसन इदरीस प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में मैक्स वर्स्टैपेन, फर्नांडो अलोंसो, लुईस हैमिल्टन, कार्लोस सैन्ज, एस्टेबन ओकन, जॉर्ज रसेल, लांस स्ट्रोल, लैंडो नॉरिस और चार्ल्स लेक्लर सहित कई रियल लाइफ के फॉर्मूला 1 सितारे इस फिल्म में कैमियो करते नजर आए हैं।

## दीपिका पादुकोण का वर्कफ्रंट

दीपिका पादुकोण एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अभिनेत्री ने कई शानदार फिल्में दी हैं, जिनमें पद्मावत, बाजरीव मस्तानी जैसी फिल्में शामिल हैं। अभिनेत्री को आखिरी बार सिंघम अगेन में देखा गया था। इसके अलावा एक्ट्रेस की आगामी फिल्मों की बात करें, तो उन्हें एटली के निर्देशन में बन रही फिल्म में देखा जाएगा। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण एक्शन अवतार में दिखेंगी, जिनके साथ अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# हॉरर कॉमेडी की दुनिया में कदम रखेंगे रणवीर सिंह?

रणवीर सिंह जल्द ही लोकप्रिय स्त्री सिनेमाई ब्रह्मांड में शामिल होने वाले हैं। यह उनकी पहली हॉरर-कॉमेडी फिल्म होगी। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म धुरंधर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसके अलावा एक्टर अक्सर अपने अतरंगी पहनावे से चर्चा में बने रहते हैं। ताजा जानकारी के अनुसार, अब रणवीर स्त्री यूनिवर्स का हिस्सा बन चुके हैं।





# 10 साल बाद फिर से डायरेक्टर की कमान संभालेंगे एक्टर एसजे सूर्या

साउथ इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता और निर्देशक एसजे सूर्या एक दशक बाद निर्देशक की कुर्सी पर फिर से लौटने जा रहे हैं। साल 2015 में फिल्म 'इसाई' के जरिए निर्देशन करने वाले सूर्या अब अपनी अगली फिल्म 'किलर' के साथ वापसी कर रहे हैं, जिसे उन्होंने अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताया है। इस खबर के सामने आते ही साउथ फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## फिल्म 'किलर' के साथ करेंगे वापसी

एसजे सूर्या की ये नई फिल्म 'किलर' मलयालम की जानी-मानी प्रोडक्शन कंपनी श्री गोकुलम मूवीज और एसजे सूर्या की एंजेल स्टूडियोज के बैनर तले बनाई जा रही है। सूर्या ने खुद सोशल मीडिया पर इसका ऐलान करते हुए लिखा कि यह फिल्म उनके दिल के बेहद करीब है और इसके लिए उन्होंने निर्माता गोकुलम गोपालन का आभार व्यक्त किया। सूर्या ने साथ में फिल्म से जुड़े कुछ फोटोज भी शेयर किए, जिसमें वो गोकुलम गोपालन के साथ नजर आ रहे हैं। एक खास बात ये भी रही कि उन्होंने फिल्म में एक्ट्रेस प्रीति असनारी को किलर गर्ल बताते हुए उनके किरदार को लेकर सस्पेंस भी बढ़ा दिया।

## सेलेब्स की बधाईयों की लगी लाइन

एसजे सूर्या की डायरेक्टोरियल वापसी पर साउथ के तमाम बड़े स्टार्स ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। राघव लॉरेंस ने लिखा, 'आपके निर्देशन में वापसी की खबर सुनकर खुशी हुई। आप निर्देशक से बढ़कर एक जबरदस्त एक्टर भी हैं। उम्मीद करता हूं ये फिल्म आपको एक हीरो के तौर पर भी बड़ी सफलता दिलाए।' वहीं, धनुष ने भी उन्हें सपोर्ट करते हुए लिखा, 'आप इस प्रोजेक्ट को लेकर जितने पैशनेट हैं, वो मैं जानता हूं। आपकी इस फिल्म के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। ऑल द बेस्ट।' सिलंबरासन टीआर ने सूर्या को एक बेहतरीन स्टोरीटेलर बताया और उनके नए सफर के लिए शुभकामनाएं दीं। इस बीच एक और खबर ने फैन्स की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है। एसजे सूर्या और एक्टर रवि मोहन पहली बार साथ काम करने जा रहे हैं फिल्म 'ब्रो कॉड' में, जिसे डायरेक्ट कर रहे हैं कार्तिक योगी। कार्तिक योगी इससे पहले डिक्कीलूना और वडक्कुपट्टी रामासामी जैसी फिल्मों से पहचान बना चुके हैं। फिल्म को रवि मोहन अपने प्रोडक्शन हाउस रवि मोहन स्टूडियोज के तहत प्रोड्यूस करेंगे। हालांकि फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कोई ऑफिशियल जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

## सूर्या की वापसी को लेकर फैंस उत्साहित

एसजे सूर्या की गिनती उन सितारों में होती है जो अभिनय और निर्देशन दोनों में माहिर हैं। उनकी फिल्मों में कहानी, अभिनय और निर्देशन का जबरदस्त मेल होता है। ऐसे में 'किलर' से उनकी वापसी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है।



# टिपिकल बहू-बीवी वाले कई रोल ठुकराए

**अपने पहले ही टीवी शो जस्सी जैसी कोई नहीं से हर दिल में घर बनाने वाली एक्ट्रेस मोना सिंह ने अपने दो दशक लंबे करियर में टीवी, फिल्म, ओटीटी हर जगह अपनी छाप छोड़ी है। बीते दिनों लाल सिंह चड्ढा, काला पानी और मेड इन हैवन में सशक्त अदाकारी के लिए सराही गई मोना इन दिनों वेब सीरीज मिस्त्री में एसीपी सहमत सिद्दीकी के रोल में नजर आ रही हैं।**

मोना बताती हैं, जब मैंने टीवी से शुरुआत की थी, तो मुझे भी वो टिपिकल बहू-बीवी वाले रोल बहुत ऑफर हुए थे, पर मैंने वो कभी नहीं किए। मुझे शुरू से पता था कि मुझे क्या नहीं करना है, तो मैंने काफी सारे शोज मना किए, क्योंकि मुझे नहीं बनना पर्दे पर बेचारी। मुझे नहीं चाहिए कि कोई आए और मुझे बचाए। हम खुद अपने को बचाते हैं, खुद अपना ध्यान रखते हैं, तो मुझे किरदार भी वैसे ही करने थे और अब ओटीटी पर वही हो रहा है। ये एक नया दौर चालू हुआ है, जहां फीमेल किरदारों को ज्यादा निडर, आत्मविश्वास से भरा, कामकाजी बनाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि आप या तो वैंप हैं या हीरोइन हैं तो आपकी जिंदगी बर्बाद है। अब ऐसे रोल गढ़े जा रहे हैं, जिसमें एक औरत के बहुत सारे शेड्स दिख रहे हैं, जो काफी हद तक पुराने स्टीरियोटाइप्स को तोड़ रहे हैं, इसलिए बतौर ऐक्टर मुझे बहुत मजा आ रहा है।

## फौजी की बेटी हूं, डरना नहीं सीखा

मोना अपने आत्मविश्वास भरे निडर व्यक्तित्व का श्रेय अपने माता-पिता और फौजी बैकग्राउंड को देती हैं। बकौल मोना, मैं फौजी बैकग्राउंड से हूं। मेरी मां हमेशा एक वर्किंग वुमन रही हैं। एक आत्मविश्वास से भरी और निडर इंसान। मुझसे कभी किसी ने ये नहीं बोला कि तुम किसी से कम हो, तुम लड़की हो, तो ऐसे मत करो। ये मत पहनो। ऐसे मत हंसो। मुझे याद है कि जब मैंने अपने पैरेंट्स को बोला था कि मुझे मुंबई जाकर एक्टर बनना है तो उन्होंने तुरंत हां कर दी थी कि तुम अपने सपने जरूर पूरे करो, क्योंकि हमें कल को ये नहीं सुनना कि पैरेंट्स की वजह से बच्चों ने अपने सपने पूरे नहीं किए, तो मुझमें ये आत्मविश्वास मेरी मां से आया है। दूसरे, हम पंजाबी हैं और पंजाब में ज्यादातर औरतें आत्मविश्वासी और निडर होती हैं। हम पंजाबी में जब एक दूसरे को विश भी करते हैं तो बोलते हैं कि चढ़दी कला में रहो यानी जो भी हो जाए, अपनी जिंदादिली और जज्बा ऊंचा रखो। जो भी तूफान आएंगे, देख लेंगे।

## लाल सिंह चड्ढा का किरदार था मुश्किल

अपने 22 साल लंबे करियर में मोना ने टीवी, फिल्म, ओटीटी हर माध्यम में विविधरंगी किरदार किए हैं। सबसे मुश्किल रोल कौन सा था? यह पूछने पर वह कहती हैं, मेरे लिए जस्सी बहुत ही चैलेंजिंग रोल रहा था, क्योंकि उनका लुक वैसा था, पर आपको रियल लगना है। लोगों को यकीन दिलाना है कि वह आपके बीच की लड़की है। इसके अलावा, लाल सिंह चड्ढा का किरदार मेरे लिए बहुत चैलेंजिंग था। उसमें मुझे 20 साल से लेकर 40 साल और फिर 60 साल की लेडी दिखना था, तो 60 साल की उम्र के लिए मैं अपने पैरंट्स को देख रही थी। उनकी बॉडी लैंग्वेज ऑब्जर्व कर रही थी, क्योंकि बोलने, चलने का तरीका बदल जाता है, सब स्लो हो जाता है। फिर, मुझे अपना वजन भी बहुत कम-ज्यादा करना था कि 20 साल की उम्र में पतली, 40 में थोड़ी तगड़ी, फिर 60 की उम्र में बहुत कमजोर और बीमार, तो फिजिकली भी बहुत डिमांडिंग रोल था।

## सालों से था रेस्त्रां खोलने का सपना

हाल ही में मोना ने रेस्त्रां खोलकर फूड बिजनेस की ओर रुख किया है। उस ओर कैसे रुझान गया? इस बारे में वह बताती हैं, कई सालों से मन था, क्योंकि हमारे पंजाबी घरों में तो उठते ही खाने की बात होती है। हम सब खाने के बहुत शौकीन हैं। खाना पकाना, खाना खिलाना, पार्टी रखना हमें बहुत पसंद है, तो मैं हमेशा से चाहती थी कि अपना एक छोटा सा कैफे हो। उसमें म्यूजिक चले, लाइब्रेरी हो, फिर वो कैफे से रेस्त्रां हो गया और किस्मत से इस साल यह सपना सच हो गया। हमने उसमें इंडियन फूड रखा है, जो कभी फैशन से आउट नहीं होगा। साथ ही एक नोस्टाल्जिया क्रिएट करने की कोशिश की है कि जो खाना हमने बचपन में खाया था, जब पापा आर्मी में थे, अलग-अलग जगहों पर उनकी पोस्टिंग होती थी, जैसे दार्जिलिंग के मोमो, हिमाचल का सिड्डू ऐसी चीजें रखी हैं।

## पर्दे पर पहली बार बनी पुलिसवाली

अपनी वेब सीरीज मिस्त्री की एसीपी सहमत सिद्दीकी की किन खूबियों पर मोना का दिल आया? इस पर उनका कहना था, मैंने पुलिसवाली का रोल कभी नहीं किया था। मैं 22 से इस इंडस्ट्री में मैं हूं, मगर कॉप का रोल पहली बार किया, तो यूनिफॉर्म पहनकर बहुत मजा आया। मिस्त्री अमेरिकन शो मॉन्क का एडेप्टेशन है, जो 90 के दशक में हम सबने देखा है। मैं उसकी बहुत बड़ी फैन हूं, तो जब मुझे यह ऑफर हुआ तो मैं बहुत खुश थी, क्योंकि हमारे यहां ऐसी फीमेल कॉप के रोल बहुत कम बनते हैं, जिनमें थोड़ी हल्की-फुल्की कॉमिडी हो, थोड़ा ड्रामा भी हो। मुझे ये सब करने में बहुत मजा आता है, क्योंकि ओटीटी पर मैंने इतने सारे इंटेंस और सीरियस रोल्स कर लिए है कि सहमत जैसी शांत और सबकुछ आराम से करने वाली कॉप का किरदार मुझे बहुत पसंद आया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in